

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 25 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-118 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## छमुमो सदस्य कलादास के घर एनआईए का छापा

भिलाई,25 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

जामुल थाना क्षेत्र में गुरुवार को एनआईए की टीम के पहुंचने से सनसनी फैल गई। जामुल लेबर कैंप वार्ड नंबर 12 में एनआईए की टीम छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के श्रमिक नेता कलादास डहरिया के घर पहुंची। सीआईएसएफ की मौजूदगी में कलादास डहरिया के घर पर जांच की गई। इसके बाद बेटी का लैपटॉप, पैनड्राइव और कलादास का मोबाइल फोन जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला रेला एनजीओ से जुड़ा हुआ है। एनआईए की टीम ने कलादास डहरिया से नक्सली कनेक्शन को लेकर भी पूछताछ की है जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के सदस्य व श्रमिक नेता कलादास डहरिया से पूछताछ करने एनआईए की टीम पहुंची। जामुल लेबर कैम्प में कलादास डहरिया का निवास है। कलादास डहरिया रेला एनजीओ से जुड़े हुए हैं वे छत्तीसगढ़ में यह एनजीओ चलाते हैं। यह संस्था किसान, आदिवासी और मजदूरों के संगठन के लिए काम करता है। रेला एनजीओ को देशभर से फंडिंग होती है बताया जा रहा है कि लगभग पांच गाड़ियों में अलग अलग टीमें पहुंची और छापामार कार्रवाई किया। इस दौरान आसपास के लोगों को भी रोक दिया गया एनआईए की टीम जामुल में कलादास डहरिया के घर पर संबह 5-30 बजे पहुंची थी। लगभग 5 गाड़ियों में पहुंची टीम ने पहले बाहर घेराबंदी की और आसपास के लोगों को रोक दिया। एनआईए की टीम ने घर में घुसने ही कलादास व उसके परिवार वालों का मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद घर के भीतर जाकर एक-एक सामान चेक किया। एनआईए को कलादास के घर से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इस दौरान एनआईए ने एक पैनड्राइव, मोबाइल फोन और कलादास डहरिया की बेटी का लैपटॉप जब्त किया। इसके बाद एनआईए की टीम ने 1 अगस्त को कलादास डहरिया को पूछताछ के लिए रांची बुलाया है। एनआईए



की कार्रवाई पर कलादास डहरिया का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर हो रही है। उनका कहना है कि वे 90 से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से जुड़े हुए हैं और लगातार मजदूरों के हितों के लिए काम करते हैं। एसीसी कंपनी अड़ानी के हाथों में जाने के बाद भी हमने मजदूरों के हक की बात की उसके आवास व सुविधाओं की बात की। कलादास का कहना है कि सरकार उसका मुंह बंद करना चाहती है इसलिए यह छापेमारी की गई है। कलादास ने कहा कि उन्हें 1 अगस्त को रांची बुलाया गया है। रेला संगठन को लेकर लेकर उन्होंने कहा कि यह हमारा सांस्कृतिक काम है नक्सलियों से सांठगांठ का आरोप गलत - कलादास डहरिया ने कहा कि एनआईए की टीम ने नक्सलियों से सांठगांठ को लेकर भी सवाल किया है। माओवादियों से संपर्क को लेकर पूछताछ की है। एनआईए ने कहा कि माओवादियों से संपर्क की सूचना है। झारखंड के कुछ संदिग्ध संस्थाओं से संपर्क की बात भी की। कलादास का कहना है नक्सलियों से सांठगांठ की बात सही नहीं है। श्रमिक नेता होने के कारण श्रमिकों के हक की बात करते हैं हसदेव अरण्य की बात की, एसीसी जामुल में मजदूर विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं। कई लोगों के पास हमारा नंबर हो सकता है कि इसका मतलब यह नहीं कि नक्सलियों से संपर्क है। कलादास ने कहा कि हमने एनआईए की टीम का पूरा सहयोग किया है। एनआईए की टीम ने एक पेनड्राइव और उसकी बेटी का लेपटॉप जब्त किया है। पेनड्राइव में जनआंदोलन से जुड़ा एक पर्चा है। उस पर्चे में झारखंड से जुड़े कुछ लोगों के नाम भी हैं जो आंदोलन से जुड़े थे। इसके अलावा एनआईएक को घर से कुछ भी नहीं मिला एक अगस्त को रांची जाएंगे और जो भी पूछताछ करेंगे उसका जवाब देंगे

## संक्षेप

### खनिज शाखा में आग, कई अहम फाइलें खाक

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित खनिज शाखा में आज तड़के आग लग गई. सूचना पर पहुंची दमकल टीम के आग पर काबू पाते तक कई अहम फाइलें जल चुकी थी. बता दे कि संयुक्त जिला कार्यालय भवन में कलेक्टोरेट सहित कई अहम विभाग संचालित होते है, उन्हीं में से एक खनिज विभाग भी है, जहां के स्टोर में रूम में आग लगना बताया जा है. आग लगने की मुख्य वजह शार्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है. आगजनी से चिमनी ईट भट्ठे सहित कई अहम दस्तावेज जलकर खाक हो गए हैं, वही दमकल की टीम का कहना है कि अलमारियों में आग लगी हुई थी, जिस पर काबू पाते हुए कुछ दस्तावेज को सुरक्षित निकाला गया है. बहरहाल, आगजनी की सूचना पर एसडीएम-तहसीलदार मौके पर पहुंच गए है. क्षतिपूर्ति का आंकलन किया जा रहा है.

### भारतीय नौसेना ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस से सुसज्जित

**नई दिल्ली,25जुलाई।** इंडियन ऑयल ने सुदृढ़, पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय नौसेना को एक अत्याधुनिक हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस सौंपी है। हेवी-ड्यूटी ई-मोबिलिटी के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अग्रणी बनने के लिए इंडियन ऑयल और भारतीय नौसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह एक ऐतिहासिक क्षण था। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री एस एम वैद्य और इंडियन ऑयल तथा भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, नई दिल्ली के नौ सेना भवन में वाइस एडमिरल, दीपक कपूर, भारतीय नौसेना के लॉजिस्टिक नियंत्रक और इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक डॉ. कन्नन चंद्रशेखरन के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया ।

### ...वर्ना लोग कहेंगे बिहार को बहुत ज्यादा दे रहे हैं

**नई दिल्ली,25 जुलाई।** संसद का मानसून सत्र चल रहा है। केंद्र सरकार के जरिए पेश किए गए बजट को लेकर राज्यसभा और लोकसभा में चर्च चल रही है। हालांकि हंगामे के कारण राज्यसभा कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

**पप्पू यादव के सवाल पर बोले ओम बिरला...**



लोकसभा में बजट पर चर्चा जारी है। चर्चा के दौरान एक पल ऐसा भी आया, जब सभापति ओम बिरला की एक बात पर भी सांसद ठहाके लगाकर हंसने लगे। दरअसल मॉनसून सत्र के चौथे दिन लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया एयरपोर्ट का मुद्दा उठाया। निर्दलीय सांसद ने कहा कि आपसे जानना चाहता हूं कि क्या पूर्णिया एयरपोर्ट का शिलान्यास कर, निर्माण कार्य चालू कराकर दो साल के भीतर वहां से फ्लाइट चालू कराने का आपका कोई निर्णय है? पप्पू यादव जब अपना सवाल पूछ ही रहे थे, स्पीकर ओम बिरला ने हल्के-फुल्के अंदाज में उनसे बैठने के लिए कहा। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- पप्पू यादवजी बैठ जाइए नहीं तो लोग कहेंगे कि बिहार को बहुत ज्यादा दे रहे हैं। स्पीकर की इस बात को सुनकर संसद में मौजूद सांसद जोर-जोर से ठहाके लगाकर हंसने लगे। पप्पू यादव के सवाल पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि जमीन की जो समस्या थी, वो खत्म होने वाली है। पप्पू यादव ने हमसे मुलाकात भी की है।

## राज्यों को खनिज वाली जमीन पर टैक्स लगाने का अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली,25 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि राज्यों को खनिज वाली जमीन पर टैक्स लगाने का अधिकार है। अदालत ने कहा कि इस पर कोई रॉयल्टी टैक्स नहीं है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-जजों की सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 8-1 बहुमत से अपने ही कई पुराने फैसलों को रद्द कर दिया, जिससे इन राज्यों को राहत मिली है। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि संसद के पास निकाले गए खनिजों पर कर लगाने की सीमाएं, प्रतिबंध और यहां तक कि रोक लगाने की शक्ति है। जस्टिस बी वी नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई। CJI चंद्रचूड़ द्वारा लिखित और जस्टिस हृषिकेश रॉय, ए एस ओका, जे बी पारदीवाला, मनोज मिश्रा, उज्जवल भुयान, एस सी शर्मा और ए जी मसीह द्वारा सहमति व्यक्त की गई, इस फैसले में कहा गया है कि निकाले गए खनिजों पर रॉयल्टी कर नहीं है। यह फैसला ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे खनिज संपन्न राज्यों को लाभान्वित करता है।अब नौ-जजों की पीठ बुधवार को फिर से विचार करेगी कि उनका फैसला पूर्वव्यापी होगा या नहीं। अगर यह फैसला पूर्वव्यापी लागू होता है तो राज्यों को भारी कर बकाया देना पड़ सकता है। राज्य चाहते हैं कि यह फैसला पूर्वव्यापी रूप से लागू हो, जबकि केंद्र सरकार इसे भविष्य के लिए लागू करना चाहती है।

### दिल्ली के पास आया भूकंप

**नई दिल्ली,25 जुलाई।** दिल्ली के पास फरीदाबाद में गुरुवार सुबह भूकंप ने दस्तक दी. सुबह 10.54 पर बेहद हल्के दर्जे का भूकंप आया. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.4 थी. कहीं जानमाल के हानि की सूचना नहीं है. भूकंप की तीव्रता बेहद कम होने की वजह से क्षति की आशंका नहीं है. नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलोजी के मुताबिक दिल्ली से सटे फरीदाबाद में सुबह 10.54 पर भूकंप आया. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.4 मापी गई. जमीन से 5 किलोमीटर नीचे इसका केंद्र था. इस स्तर के भूकंप को निम्न दर्जे में रखा जाता है. अधिकतर लोगों ने इस भूकंप को महसूस नहीं किया.

## 'विपक्ष सिर्फ गाली देने का काम कर रहा: रिजिजू

**नई दिल्ली,25 जुलाई।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'विपक्ष सिर्फ गाली देने का काम कर रहा है. गाली-गलौज करने के लिये बजट सेशन नहीं होता है. पहले दिन से विपक्ष की हरकत देश देख रहा है. प्रधानमंत्री जी को गाली दी जा रहा है. जनता विपक्ष को जरूर सजा देगी. भारत की जनता ने मोदी को जनादेश दिया है. सरकार ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है. मैं मंत्री होने के नाते कहना चाहता हूं कि सिर्फ बजट पर चर्चा होना चाहिये विपक्ष के कुछ नेता बजट सत्र की गरिमा को गिरा रहे हैं. सरकार ने एक शानदार बजट पेश किया है. जनता के जनादेश को अपमान किया जा रहा है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'मोदी जी और एनडीए को मिले जनादेश को धोखाधड़ी नहीं कहा जा सकता.क्या जनादेश स्वर्ग से आया है? कांग्रेस 99 सीटों पर सिमट गई है, क्या यह जनादेश है?किरेन रिजिजू के बयान पर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, ÷यह लोग अपने ही बजट को देख लें. बजट में कुछ है ही नहीं. स्वास्थ्य के लिए नहीं है, मनरेगा के लिए कुछ नहीं है, एमएसपी के लिए कुछ नहीं है, ओबीसी-एसटी और एससी के लिए कुछ नहीं है बजट.

## सोलर लाइट ख़रीदी में गड़बड़ी की जांच सदन की समिति करेगी

**रायपुर,25 जुलाई।** पूरे प्रदेश के आदर्श ग्राम योजना में सोलर लाइट खरीदी की जांच होगी. विधान सभा की जांच समिति जांच करेगी. भाजपा विधायक लता उसेंडी के सवाल के जवाब में मंत्री राम विचार नेताम ने 2021 से 2024 के बीच हुई खरीदी की जांच कराने की घोषणा की.

कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी ने प्रश्नकाल में इस मामले को उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत हुई सोलर लाइट की खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है. अधिकारियों ने मंत्री को सदन में गलत जानकारी दी है. 12 जून को आरटीआई से मिली जानकारी में बताया गया है कि 3 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है. मंत्री सदन में गलत जानकारी दे रहे हैं. पिछली सरकार में सोलर लाइट को लेकर गड़बड़ी हुई है. सक्षम अधिकारियों ने गड़बड़ी की है. इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि सदन की समिति से इस मामले की जांच कराई जाएगी. पूरे प्रदेश के मामले इसमें शामिल किए जाएँगे. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने जवाब दिया है कि राज्य स्तरीय समिति जांच कर रही है.

## विस में उठा कमल विहार में लैंड यूज बदले बिना टेंडर का मामला

रायपुर,25जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा सत्र के चौथे दिन कमल विहार का मामला उठा. पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक राजेश मूणत ने लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकालने का मामला उठाया. आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क को बाद के मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया था. भाजपा विधायक राजेश मूणत के सवाल पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क लैंड यूज था. टाउन प्लानिंग स्कीम के स्वीकृत प्लान के मुताबिक़ पार्क स्वीकृत किया गया था. इससे 40 लाख रुपये फंड रेसिंग का भी प्रावधान था. 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क था. इसके बाद के मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया. बेस प्राइज़ से ज़्यादा दर पर श्री जी कृपा नाम के फर्म ने 72 करोड़ रुपये में बीड किया था. लैंड यूस फर्म को करना था, लेकिन उसने आरडीए से किए जाने की



मांग को लेकर कमर्शियल कोर्ट में चला गया. यह मामला आर्बिट्रेशन में चल रहा है. राजेश मूणत ने कहा कि रिक्रियेशनल पार्क बनाने टेंडर निकाल लिया. पिछली सरकार के मंत्री ने फाइल अपने पास रख ली थी. रिक्रियेशनल पार्क के नाम पर मैरिज पैलेस नहीं बनाया जा सकता. कमल विहार में माता कौशल्या नाम की तख्ती लगा दी गई. आज कमल विहार अंधेरे में डूबा है. आरडीए को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से नये सिरे से लैड यूज चेंज करना होता है. बग़ैर ले आउट चेंज किए टेंडर कैसे कर दिया गया? राजेश मूणत ने कहा कि टेंडर की शर्तों में लिखा है कि लैंड यूज बदलना बिडर की जिम्मेदारी है. आश्चर्य की बात है कि बगैर लैंड यूज बदले टेंडर निकल गया. क्या इसकी जांच कराकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी? मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान के आधार पर ये टेंडर निकाला गया था. पास जो जानकारी आई है, उसमें अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है. पार्टी बंधित खसरों में कोई गड़बड़ी हुई होगी तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी.

मंत्री ने कहा कि कोटवार भूमि शासन की ही भूमि होती है. पहले बहुत से प्रकरण में अब जमीनों को बेच दिया गया था, लेकिन अब ऐसा कोई केस हुआ है वह किस स्तर पर है उसे देख कर कार्यवाही को जाएगी. विधायक राजेश मूणत ने सवाल किया कि राजिस्ट्री बढ़ा दी गई है, और चेक और ड्राफ्ट पेमेंट क्यों नहीं लिया जा रहा है. कैश पेमेंट क्यों ही रहा इसका परीक्षण कराया जाए? ओपी चौधरी ने बताया कि रजिस्ट्री नहीं बढ़ाई गई है. गाइडलाइन रेट नहीं बढ़ा है. इसका प्रभाव केवल बिल्डरों पर ही नही बल्कि किसानों पर भी पड़ता है. गाइड लाइन रेट जब काम होता है तो लोअर मिडिल क्लास के लोगों को लोन नहीं मिल पाता है. राजेश मूणत ने इस पर सवाल किया कि रजिस्ट्री शुल्क कैश में क्यों जमा हो रही है, इसे दिखवा ले.

सुशांत शुक्ला ने कहा कि वेरिफिकेश का प्रावधान नहीं है. नगरीय निकाय राजस्व का कोई संयुक्त कार्य नहीं है. क्या ऐसी कोई प्रणाली आने वाले समय में स्थापित की जाएगी, जिसमें आने वाले समय में परेशानी न हो? चौधरी ने कहा कि अगर कोई कैश पेमेंट करता है, तो वह पूरा रजिस्टर होता है. आने वाले समय में हम पूरा काम कैश लेस और पेपर लेस करने की ओर प्रयासरत हैं. ओपी चौधरी ने कहा कि हम बहुत सारे मेजर रिफॉर्म्स कर रहे हैं. अंबिकापुर के विषय पर कहा 15 नायब तहसीलदार को पोस्ट किया गया, ताकि कार्य अच्छे से हो. टेक्नोलॉजी की वजह से टुकड़े की जमीन नहीं बिक पाएगी. कहीं गड़बड़ी की शिकायत हो हम तत्काल समाधान कराएंगे. राज्य स्तर पर जांच टीम गठित की जाएगी, और इसे बेलतारा भेजा जाएगा.

### विधायक शुक्ला ने उठाया रजिस्ट्री के लिए आवेदन का मुद्दा

विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधासभा के पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री हेतु आवेदन का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि कितने आवेदनों का निराकरण हुआ?, कितने बाकी है? भूमि का असत्यापन नाकर खुली भूमि बताया जाता है, इससे निराकरण की क्या व्यवस्था है? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इनको रोकने में पंजीयन में सुधार की प्रक्रिया जारी है, पिछले 7 महीने में विभागीय सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जो सारे विशेष केस देखेगी. सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रश्न का जवाब अपूर्ण है, शिकायत का क्या प्रावधान है.ओपी चौधरी ने बताया कि शिकायत जिला स्तर पर होती है, उसमें निराकरण अच्छी तरह से नहीं हो पाता, इसलिए उच्च स्तरीय तरीके से कमेटी गठित की गई है, जो अच्छी तरह से इसका निराकरण करेगी. हमारे

### किसानों के लिए प्रदत्त सुविधाओं का मामला गूंजा

विधानसभा में मानसून सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान सरगुजा में किसानों को प्रदत्त सुविधाओं का मुद्दा उठाया गया है। विधायक प्रबोध मिंज ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि, 2021-22 से 2023-24 के बीच उपलब्ध कराई गई मशीनों की जानकारी दी जाए। इसकी जानकारी देते हुए कृषिमंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि, इस अवधि में किसानों को दो मशीनरी उपलब्ध कराई गई है। 83 कृषकों को कस्टम हायरिंग की सुविधा दी गई है। प्रबोध मिंज ने एक बार फिर ये मामला उठाते हुए कहा कि, सिर्फ 83 किसानों को ही क्यों लाभ मिला है। साथ ही सवाल खड़े करते हुए कहा कि, जिन मशीनों की सरगुजा में आवश्यकता है, वे नहीं हैं। इसपर मंत्री नेताम बोले कि, जिन मशीनों की जरूरत है। उसे सब्सिडी में उपलब्ध करा रहे हैं। अधिक से अधिक कृषकों को इसका लाभ मिले, इसके लिए प्रायस किया जा रहा है।

## हिमाचल प्रदेश में बादल फटा

**मनाली-अटल टनल का सम्पर्क कटा**

**मनाली,25 जुलाई।** मॉनसून में आसमान से बरस रही बारिश ने देश को बेहाल कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर मैदानी इलाकों तक के लोग झाझम बारिश से अब त्राहिमाम कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बीती रात जोरदार बारिश हुई। कई जगह पर भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हुई। बादल फटने से सोलंग वैली के पास पागल नाले में बाढ़ आ गई। इससे मनाली-अटल टनल का सम्पर्क टूट गया है। मनाली-लेह नेशनल हाईवे- 003 पर भी बीती रात पलचान के नजदीक बादल फटा। बादल फटने की वजह से बड़े-बड़े पत्थर सड़कों पर आ गए हैं। यहां सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। हिमाचल प्रदेश पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक यह सड़क धुंधी से पलचान तक सभी तरह की गाड़ियों के लिए बंद हो गई है। इसके चलते सभी गाड़ियों को अटल टनल से वाया



रोहतांग होकर मनाली भेजा जा रहा है। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्ग इस्तेमाल करने के लिए कहा है। बीते साल भी हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से आई आपदा ने मंडी, कुल्लू, मनाली और शिमला में भारी तबाही मचाई थी।

### कांवड़ यात्रा पर योगी के फरमान की चर्चा अमेरिका तक

**वाशिंगटन,25 जुलाई।** भारत से अलग होकर मुल्क बने पाकिस्तान को 75 साल हो चुके हैं, कई पीढ़ियां आई और चली गईं, लेकिन पाकिस्तानियों की भारत को लेकर सनक का नमूना कहीं और नहीं बल्कि अमेरिका तक में देखने का यदा-कदा मिल जाता है, जहां विदेश विभाग के प्रवक्ता से भारत से जुड़े मुद्दों पर सवाल पूछकर अपनी खीज निकालते रहते हैं. ताजा सवाल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कांवर यात्रा के दौरान दुकानों में मालिकों को नाम लिखने के फरमान को लेकर पूछा गया.

**छत्तीसगढ़ में जन्मे भारत के महान हाकी खिलाड़ी लेस्ली क्लाडियस उपेक्षा के शिकार** jasclaudius@gmail.com

## सपूतों के सम्मान में कमी करने वाले हैं खेल भावना के दुश्मन

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक ओलंपिक खेलों के आयोजन प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल में होते हैं लेकिन यह पहला अवसर है जब सिर्फ 3 वर्ष बाद ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 में सम्पन्न हो जा रहा है। भारत में पिछली सदी के आठवें दशक तक पैदा हुए लोगों से पूछा जाए कि आप ओलंपिक खेलों को किस तरह याद रखते हैं? लगभग सभी का जवाब आयेगा हाकी में भारत के प्रदर्शन के कारण, जवाब बिलकुल सही है। भारतीय हाकी टीम ने स्वतंत्रता के पूर्व 1928 एम्सटर्डम ओलंपिक खेलों में पदार्पण करके स्वर्ण पदक पर कब्जा किया जो सिलसिला 1932 लास एंजिल्स फिर 1936 बर्लिन तक स्वतंत्रता के पूर्व तक चलता रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1940, 1944 के प्रस्तावित ओलंपिक खेल प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई। 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद 1948 लंदन में हुए ओलंपिक खेलों से भारत का हाकी में स्वर्ण पदक जीतने का क्रम फिर आरंभ हुआ जो 1952 हेलसिंकी फिर 1956 मेलबोर्न में जाकर थमा। परंतु 1964 टोक्यो तथा 1980 मास्को में पुनः स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक में भारत द्वारा जीते गये स्वर्ण पदकों की संख्या आठ हो गई। इस तरह भारतीय जनमानस में हाकी घर कर गई थी। कहा जाता है कि भारत गांव में बसता है अतः इस देश के नागरिकों की 1980 के पूर्व पहली पसंद हाकी ही थी। हाकी में इतनी अधिक लोकप्रियता मिली लेकिन समय के बदलाव के साथ-साथ इस खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट आती गई। ओलंपिक खेलों में 1960 रोम में रजत पदक पहली बार मिला उसके पश्चात 1968 मैक्सिको, 1972 म्यूनिख में हमारे हाकी दल लगाातार दो कांस्य पदक ही जीत सके। 1976 मांट्रियाल ओलंपिक खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन ने देशवासियों को पूरी तरह निराश किया क्योंकि यहां हमारी हाकी टीम ने कभी ना भूलने वाला कीर्तिमान बनाया और इन खेलों में पहली बार ऐसा हुआ कि हाकी में हमें कोई पदक नहीं मिला। इसके कारण हाकी की चमक धीमी पड़ती गई खेल प्रेमियों का लगाव उसके प्रति कम होते चला गया। रही सही कसर कपिल देव के नेतृत्व वाली



क्रिकेट टीम ने 1983 में अप्रत्याशित रूप से सीमित ओवर वाले एक दिवसीय विश्व कप पर कब्जा जमाकर निकाल लिया। भारतीयों के मन मस्तिष्क में हाकी के खिलाड़ियों की असफलता को क्रिकेट ने प्रसन्नता और लगाव से भर दिया। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारतवासियों को ओलंपिक में तब शामिल प्रमुख खेलों हाकी, कुश्ती, टेनिस, एथलेटिक्स व्हालीबाल के बदले क्रिकेट जैसा गैर ओलंपिक खेल रास आया। आखिरकार आज वह भारत का सबसे पसंदीदा खेल बन गया है। भारतीय हाकी दल का निराशाजनक प्रदर्शन उसके लिए आत्मघाती साबित हुआ परंतु इसके लिए तत्कालीन राजनीतिज्ञ, खेल संघ के पदाधिकारी, खेल प्रशासक, खेल मीडिया से जुड़े सभी जन कम दोषी हैं। 1954 से नागरिक सम्मान की शुरुवात हुई। जिसमें भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री सम्मान के लिए खेल क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां भी योग्य मानी गई। 1961 से खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाना आरंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेजर ध्यानचंद, रिचर्ड एलन स्वाधीनता से पहले सिर्फ दो ऐसे खिलाड़ी थे जो कि भारतीय हाकी दल के सदस्य रहे। स्वतंत्रता के पश्चात सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हुए जिन्होंने लगातार चार बार ओलंपिक खेलों के हाकी टीम में रहे उनमें लेस्ली क्लाडियस, उधम सिंह, धनराज पिल्लै शामिल हैं। लेस्ली क्लाडियस और उधम सिंह ने ओलंपिक खेलों के हाकी में ऐसा कीर्तिमान बनाया जो न तो कोई अन्य भारतीय हाकी खिलाड़ी बना सका ना ही भविष्य में संभव है। लेस्ली क्लाडियस ने 1948, 1952, 1956, 1960 में लगातार चार ओलंपिक में भाग लिया और 1948, 1952,1956 में हाकी का तीन स्वर्ण पदक लगातार जबकि 1960 में रजत पदक जीता। इस प्रकार कुल मिलाकर तीन स्वर्ण एक रजत सहित चार पदक जीतने में उनकी भागीदार रही। इन्हीं के कीर्तिमान को उधम सिंह ने बराबर किया। उन्होंने 1952, 1956, 1964 में स्वर्ण तथा 1960 में रजत अर्थात तीन स्वर्ण एक रजत पदक सहित चार पदक जीता। लेकिन इस मामले में धनराज पिल्लै दुर्भाग्यशाली रहे। चार ओलंपिक 1992, 1996, 2000, 2004 में भारत की टीम के सदस्य रहे परंतु एक भी पदक जीत नहीं सके। उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि भारत सरकार, मध्यप्रदेश सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा महान हाकी खिलाड़ी लेस्ली क्लाडियस की उपेक्षा की गई। लेस्ली इतनी बड़ी उपलब्धि के साथ भारत रत्न की हकदार हैं परंतु उन्हें सिर्फ पद्मश्री 1971 में दिया गया। दूसरी तरफ उन्हें अर्जुन पुरस्कार तक नहीं दिया गया। लेस्ली का जन्म 25 मार्च 1927 को बिलासपुर छत्तीसगढ़ में हुआ। दक्षिण-पूर्व रेलवे की तरफ से खेलना शुरू करके वे भारतीय हाकी टीम में चयनित हुए। अतः लेस्ली के नाम को छग के शालेय पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। तथा उनके नाम से खेल पुरस्कार और छत्तीसगढ़ के किसी प्रमुख स्टेडियम का नाम होना चाहिए। वस्तुतः यही देर से ही सही हाकी के धुंरधर लेस्ली क्लाडियस को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। और आज के युवा पीढ़ी में हाकी के प्रति लगाव पैदा होगा।

### छत्तीसगढ़ के 17 जिलों में येलो और सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट!

**रायपुर,25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में मानसून की सक्रियता बढ़ने से अब लगातार बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मानसूनी तंत्र के चलते मौसम विभाग ने अगले 24घंटों के लिए रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद,दुर्ग, बालोद, कोरिया, बेमेतरा,कबीरधाम,बस्तर, दंतेवाड़ा,नारायणपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व कोरबा जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बिलासपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मुंगेली, कांकेर व बीजापुर जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में प्रदेश में मानसून की सक्रियता जारी रहेगी। इसके साथ ही सरगुजा संभाग में भारी वर्षा की भी संभावना बनी हुई है। बीते कुछ दिनों में रायपुर सहित प्रदेश भर में काफी अच्छी बारिश हुई.

## एक नजर

### बीएसपी में 6 दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटित



**भिलाई, 25 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा 22 से 27 जुलाई तक इलेक्ट्रो न्यूमेटिक वाल्व पर प्रोसेस इंस्ट्रूमेंटेशन/स्टेप 7 वी 15 के साथ प्रोफिबस/प्रोफिनेट पर नेटवर्किंग विषय पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के संचालन हेतु एचआर-एल एंड डी विभाग की सराहना की। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक एस आर जत्रेले ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। पीयूष राज ने कार्यक्रम की संरचना के बारे में बताया। संचालन सैफुद्दीन फजली द्वारा किया गया।

### यांत्रिकी सेवाएं ने किया सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 25 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी सेवाएं विभाग द्वारा 15 से 19 जुलाई तक सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एस. के. गजभिये की उपस्थिति में किया गया। अपने संबोधन में गजभिये ने विभिन्न अनुभागों के मुख्य कार्यों में निहित खतरों से अवगत कराया। सहायक महाप्रबंधक संजेश कुमार द्वारा लेक्चर का आयोजन किया गया। समापन समारोह 19 जुलाई को आयोजित किया गया। कनिष्ठ अधिकारी एम. विजय कुमार नाटक का मंचन किया गया। सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुमार चौबे ने कर्मचारियों की सहभागिता की सराहना की। महाप्रबंधक जे. तुसलीदासन ने सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु चर्चा की। महाप्रबंधक प्रभारी आशीष घोष एवं महाप्रबंधक एम.एस. भोगल का विशेष मार्गदर्शन रहा। कनिष्ठ अधिकारी यतीन्द्र पुरंग ने संचालन किया।

### जनकल्याणकारी है केंद्रीय बजट : बिचपुरिया

**भिलाई, 25 जुलाई।** जिला भाजपा भिलाई के पूर्व अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने राष्ट्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के लिए



कल्याणकारी, गरीब किसान, युवा, लघु उद्योगपतियों एवं विकास की गति को निरंतर प्रदान करने वाला है। युवा उद्योगपतियों को मुद्रा लोन 10 लाख की जगह 20 लाख देने का निर्णय, छोटे सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को उनकी फसल सुरक्षित रहे इसके लिए भंडारण की व्यवस्था की बात की गई है द्य देश के एक करोड़ युवा लोगों को देश की बड़ी 500 कंपनियों में उन्हें रोजगार देने की व्यवस्था की गई है निम्न एवं मध्यम वर्गीय लोगों को आयकर की सीमा में छूट दी गई है। जिससे मध्यम वर्गीय लोगों को हजारों रुपए साल की बचत होगी। यह बजट देश को विकास के रास्ते पर ले जाने वाला कल्याणकारी समग्र जनता को लाभ पहुंचाने वाला बजट साबित होगा। बिचपुरिया ने देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवं धन्यवाद प्रेषित किया है।

### विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हर वर्ग का रखा गया है ध्यान बजट में

**उतई, 25 जुलाई।** मोदी सरकार के बजट को



भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु ने विकसित भारत की कल्पना से सराबोर बताया.उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग का रखा गया है,ध्यान अंत्योदय के विचारधारा को ध्यान में रखते पेश हुए बजट में गरीब,किसान,युवा,महिला सहित सभी वर्गों को मजबूती देने का काम किया गया। प्रवीण यदु ने इस बजट को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताया. यदु ने कहा कि बजट विकसित भारत के लिए भाजपा के विचारधारा को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है. अंत्योदय के विचारधारा को ध्यान में रखते हुए, गरीब, महिला, युवा और किसान सहित हर वर्ग को मजबूती देने का काम इस बजट में दिखाई दिया है. ये बजट युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर के लिए तैयार किया गया है।

### घर से लैपटाप,मोबाइल चोरी

**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई नेवई थाना पुलिस ने बताया कि गगन गजपाल (24 वर्ष) किराए के मकान में रहता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई की सुबह 7 बजे सोकर उठा। फिर सिटकिनी खोलकर दरवाजे को टिकाकर सो गया था सुबह 8.15 बजे उठा तो देखा कि मेन दरवाजा खुला था । टेबल में रखा ब्लैक रंग का लैपटॉप, मोबाइल, पर्स में रखा एटीएम, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व 2 हजार रु. नगद गायब था कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी कर ले गया था।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,25 जुलाई।** लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट प्रस्तुत किया गया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को समर्पित यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भारत को निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रखते हुए विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज केंद्रीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-2025 एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला को और सुदृढ़ करने वाला है, जो ग़रीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों के सशक्तिकरण की दिशा के अत्यंत प्रभावी होगा। भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है। पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाते हुए, मोदी सरकार का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने के साथ आजादी के 100वें वर्ष तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक प्रभावी बजट है। मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत ने खुद को विश्व के सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिस्थापित किया है। इस बजट से भारत की विकास यात्रा को और बल मिलेगा। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु निरन्तर कार्यरत है, जिसकी झलक हमें इस बजट में देखने को मिलती है। यह आम बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिला-संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए, इस बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ देने वाली योजनाओं हेतु 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के आबंटन की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गई है। जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में



सुधार करने के लिए, जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में सभी जनजातीय परिवारों के लिए प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत की जाएगी जिससे 63,000 गांव शामिल होंगे जिससे 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत लोगों को 10 लाख रुपये तक का लोन लेने की सुविधा थी. लेकिन अब सरकार ने इस लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है।लघु और कुटीर उद्योग के लिए 100 करोड़ रुपये तक का लोन देने की घोषणा, उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा। ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है। इसके साथ ही रक्षा,अनुसंधान, उर्जा, मानव संसाधन, कृषि जैसे सभी क्षेत्रों के लिए कार्ययोजना बनाई गई है।भावना बोहरा ने आगे कहा कि रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की 5 योजनाओं के पैकेज की घोषणा की गई, जिससे 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। इसमें 5,000 रुपये प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6,000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी। कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे।पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्षों के लिए और बढ़ाया गया,किसानों के लिए, सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है, जो लागत से कम से कम 50त्न मार्जिन के वादे को पूरा करता है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। ऐसे कई जनहित व सभी वर्ग के प्रति बजट में प्रावधान किये गए हैं जिससे देश विकास के पथ पर तो गतिमान होगा ही साथ ही अन्त्योदय का संकल्प भी पूरा होगा।

### विपक्ष को अच्छाई कहां दिखती है:संतोष पटेल



**कवर्धा, 25 जुलाई।** विपक्ष बजट को बता रहा है कुर्सी बचाओ बजट है और बजट खराब है इस सवाल पर जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की विपक्ष को सिर्फ आलोचना करने की आदत है और किसानों , युवाओं , महिलाओं को बजट बहुत अच्छा लग रहा है और बजट से सभी खुश है लेकिन विपक्ष को अच्छाई कहां दिखती है ।

### वित्तमंत्री ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है:भट्ट



**कवर्धा, 25 जुलाई।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ करते हुए कहा की उन्होंने ऐतिहासिक बजट किया है । गांवों और शहरों के विकास के साथ साथ रोजगार , सड़क निर्माण , पीएम आवास निर्माण और युवाओं , किसानों के हितों पर विशेष ध्यान दिया गया है ।

### सरकार ने शानदार बजट पेश किया है :रामकृष्ण साहू



**कवर्धा, 25 जुलाई।** जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने श्रीमति निर्मला सीतारमण के बजट को शानदार बताते हुए कहा की देश में सभी गांवों और शहरों में विकास की तस्वीर चमकेगी और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा साथ ही किसानों को सुंदर आवास के साथ अच्छी सड़क की सौगात मिलेगी । विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है ।

## वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



भिलाई, 25 जुलाई। वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने कलाकारों को रेल्वे यात्रा के दौरान मिलने वाली रियायत को पुनः शुरू करने के लिए सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा है। जिस पर सांसद ने रेल मंत्री से मिलकर चर्चा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ललित कला समूह से जुड़े हुए अनेक कलाकार उनके साथ मौजूद थे। शर्मा ने सांसद को बताया कि अक्सर कलाकार अभावों में जीते हुए अपने कला का प्रदर्शन देश भर में घूम घूम कर करते हैं। रेलवे में रियायत से उनको थोड़ी सी ही सही किन्तु आर्थिक राहत मिल जाती है और उनका हौसला बढ़ता है। इसे बंद किए जाने से प्रदर्शनकारी कलाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है तथा गरीब कलाकारों के लिए यह वज्राघात से कम नहीं है। कलाकारों के प्रवास से जहां कला का आपसी मेल और उत्थान होता है वहीं भारतीय कला-संस्कृति का भी विकास होता है। एक दूसरे क्षेत्र की अंतरभाषिक कलाओं को समझने और ज्ञानार्जन का मौका भी मिलता है। अतः इसे शीघ्रताशीघ्र पुनः शुरू किया जाना चाहिए। सांसद विजय बघेल ने कलाकारों की इस मांग को न्यायोचित मानते हुए इसे उचित फोरम में उठाने का आश्वासन दिया है।

## बीएमएस औद्योगिक क्षेत्र में करेगा संगठन का विस्तार

**भिलाई, 25 जुलाई।** भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस औद्योगिक क्षेत्र मंगल बाजार छावनी में मनाया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिथिलेश विश्वकर्मा ने की, जिसमें संघ से सम्बद्ध 13 यूनियन एवं एक सहयोगी संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा छावनी चौक से मंगल बाजार तक रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे द्वारा भारत माता विश्वकर्मा भगवान एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी ने भारतीय मजदूर संघ के कार्य शैली पर प्रकाश डाला। नगर निगम से विष्णु चंद्राकर बिजली यूनियन से कामेश भिलाई इस्पात संयंत्र से विष्णु चंद्राकर को सम्मानित किया गया। विष्णु चंद्राकर ने यूनियन के विस्तार एवं विश्वास बनाए रखने



के लिए पदाधिकारी के बीच संपर्क एवं संबंध को प्राथमिकता देने का मंत्र दिया। भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता के चुनाव जीतने मे नेतृत्वकर्ता पूर्व अध्यक्ष आईपी मिश्रा, पूर्व महामंत्री रवि शंकर सिंह, विनोद उपाध्याय, शारदा गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, संजय प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, सुदीप सेन गुप्ता, रजनेश सिंह को सम्मानित किया गया। एस एम पाण्डेय ने पर्यावरण क्षेत्र एवं मंदिर विकास समिति चलाने के लिए खदान मजदूर संघ केंद्रीय के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं उनके साथियों को सम्मानित किया गया। संचालन करते हुए जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र छावनी में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाने के पीछे जिला मजदूर संघ का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में यूनियन का विस्तार करना है। बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बीएस राजपूत ने दुर्ग जिले में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक भारतीय मजदूर संघ के सफर की जानकारी दी। राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि संघ का विस्तार तेजी से हो रहा है। वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रदेश महामंत्री राधाकांत पांडे ने भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवा निवृत्त कर्मचारियों की मांग 39 महीने का एरियर्स पर्क्स के बकाया एरियर्स न मिलने से और ग्रेज्युटी को सीलिंग के दायरे में लाने से रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों में बहुत निराशा है रिटायर्ड कर्मचारियों को रिटेंशन आवास मिलने में भेदभाव से रिटायर्ड कर्मचारी दुखी है। रैली एवं कार्यक्रम की व्यवस्था अनिल सिंह ने सम्हाली। सुरक्षा गार्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वाल्मीकि सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों को जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर सम्पर्क करने की बात कही। बिजली क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय संगठन मंत्री शिवेंद्र दुबे, संतोष टेंभुरकर, मृगंग शेखर, लव पुरी शामिल हुए निर्माणी संघ से देवेन्द्र चन्द्राकर और उनके साथी शामिल हुए।

### जाति प्रमाण पत्र बनाने में अनिवार्य दस्तावेज लगेंगे निगम भिलाई में

**भिलाई, 25 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए यहां के निवासियों को परेशानी हो रही थी। उसके समाधान के लिए सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। सामान्य सभा में चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि जॉच समिति गठित किया जावे। जो सभी बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं उसी के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जावे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा समिति का गठन किया गया। जिसमें उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे को अध्यक्ष, प्रभारी अधिकारी नवीन कुमार साहू को सचिव एवं जोन के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी, धीरज साहू, जे.पी.तिवारी, अनिल मेश्राम एवं बालकृष्ण नायडू को सदस्य बनाया गया है। समिति की प्रथम बैठक में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए निगम भिलाई में पहले से जमा किये गये आवेदन का परीक्षण किया गया। जिसमें यह पाया गया कि जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन किये है उनसे शपथ पत्र, वंशावली, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। जांच समिति शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करेगी। जो भी हितग्राही पूर्व में आवेदन पत्र जमा कर चुके है, वे मुख्य कार्यालय के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग में संपर्क कर सकते है। आवेदको को इस संबंध में विभाग से पत्र भी जारी किया जा रहा है।

## एमएसएमई क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला बजट:अग्रवाल

**भिलाई, 25 जुलाई।** पूर्व साडाध्यक्ष एवं लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर से सत्यनारायण अग्रवाल ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह एमएसएमई क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला बजट है। अग्रवाल ने कहा कि उद्यमियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्रालय एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लगातार तीसरी एनडीए सरकार का पहला बजट हेतु.हार्दिक बधाई प्रेषित किया है। अपनी प्रतिक्रिया में सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि बजट 2024 में युवाओं, महिलाओं एवं छोटे कारीगरों के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की विभिन्न घोषणाओं से क्षेत्र के उद्यमी एवं व्यापारी काफी प्रसन्न हैं। बजट 2024 से एमएसएमई क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। विशेष कर ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की योजना से उद्योगो को प्रगति के नए रास्ते प्रदान



करेगा। अधिकांश मध्यम वर्गीय व्यापारियों एवं उद्यमियों को टीडीएस के नियम को आसान किए जाने की घोषणा से राहत मिली है तथा इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव से हर टैक्सपेयर्स को फायदा होगा। बजट में 12 इंडस्ट्रियल हब को मंजूरी मिलने के बाद एमएसएमई सेक्टर में और भी ज्यादा विकास होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही एमसीबी के लिए वित्तीय पैकेज का जो ऐलान किया गया है, वह भी काफी ज्यादा फायदेमंद होगा। सरकार ने मशीनरी खरीद के लिए क्रेडिट गारंटी योजनाएं और टर्म लोन शुरू किए हैं। इसके अलावा, एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी सहायता पैकेज भी उपलब्ध होंगे। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) एमएसएमई क्लस्टरों की सेवा के लिए 24 नई शाखाएं खोलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा एमएसएमई ऋण के लिए नया मूल्यांकन मॉडल, जो बाहरी मूल्यांकन पर निर्भर नहीं होगा। यह केवल परिसंपत्तियों और टर्नओवर मानदंडों के बजाय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के डिजिटल पदचिह्न पर आधारित होग। वित्त मंत्री ने 4 करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों पर केंद्रित 5 योजनाओं और पहलों के एक विशाल पैकेज की घोषणा की। तरुण श्रेणी के तहत पिछले ऋणों को सफलतापूर्वक चुकाने वालों के लिए, मुद्रा ऋण की सीमा मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करना उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। बैंकों द्वारा निश्चित रूप से कुटीर सूक्ष्म लघु उद्यमी तथा महिला उद्यमियों के योजनाओं को त्वरित गति से सैंक्शन करने हेतु आगे बढ़ेंगे तथा रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे साथ ही निर्यात के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रांत से इस बजट ने काफी नई उम्मीदें पैदा की है। सर्विस इकाई भिलाई, लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर से सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र पाठक, दुर्गा प्रसाद, दीपक अग्रवाल ने इस क्रांतिकारी बजट 2024 के लिए प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया है।

## विकसित भारत के साथ विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला बजट

**उतई, 25 जुलाई।** भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। यह देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। यह बजट युवाओं को आगे बढ़ाने वाला है। जितेंद्र वर्मा ने कहा कि किसानों को ध्यान में रखते हुए 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर होगी। सैलरीड़ को सौगात देते हुए नई टैक्स रेजिम में 7.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री, फैमिली पेंशन पर टैक्स छूट 15 हजार से बढाकर 25 हजार हुई। महिलाओं और लड़कियों को



लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया हैं। युवाओं के लिए मुद्रा लोन की रकम को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये और 500 टॉप कम्पनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशीप दिया जाएगा। मध्यम वर्ग के लोगो के लिए सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 युनिट तक हर महीने फ्री बिजली प्रदान की जाएगी। वर्मा ने आगे कहा कि मोदी सरकार 3.0 विकास की नई और स्वर्णिम इबारत लिखेगी।

### ईतवारी चीला तिहार जनपद ट्राफी11अगस्त को

**उतई,25 जुलाई।** सावन माह में आयोजित होने वाले ईतवारी तिहार का आयोजन 11 अगस्त को ग्राम पंचायत पाऊवारा में रखा गया है कार्यक्रम के संयोजक राकेश हिरवानी कृषि सभापति जनपद पंचायत दुर्ग है उनके द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के 5 गांव पाऊवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी,कोड़ीया के महिलाओं के लिए जनपद ट्राफी का आयोजन किया जाता है कार्यक्रम में फुगड़ी, कबड्डी, कुर्सी दौड़, नारियल फेंक , फुग्गा फोड़, छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। सबसे ज्यादा पुरुस्कार जीतने वाले ग्राम पंचायत को जनपद चैम्पियन ट्रॉफी दिया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के लिए भोजन व्यवस्था रहेगा ।

## टाउनशिप एरिया में खुलेगा हमर क्लिनिक, विधायक देवेंद्र ने की पहल

**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से टाउनशिप और खुर्सीपार में हमर क्लिनिक खोला जाएगा। यह विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शुरू किया जाएगा। शहर में तीन जगह पर हमर क्लिनिक शुरू करने वाले है। सेक्टर 2 पुराना प्राइमरी स्कूल, सेक्टर 7 पुराना मेंटेनेंस ऑफिस, खुर्सीपार गौतम नगर में पीएचडी



ऑफिस में शुरू किया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हमर क्लिनिक खोला जाए। ताकि बीएसपी के अधिकारी कर्मचारी सहित आम नागरिकों को भी इसका लाभ मिल सकें। इसके लिए विधायक ने पहल की है। स्वास्थ्य अधिकारी और बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर चर्चा भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन ने हमर क्लिनिक खोलने के लिए एन ओ सी नहीं दी। साल भर से जनहित के इस योजना को रोक कर रखे रहे। ऐसे में विधायक यादव ने मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। भिलाई की जनता की बात प्रमुखता से रखी तब जाकर बीएसपी ने एन ओ सी दी। गौरतलब है कि विधायक यादव की पहल पर पिछली सरकार में ही हमर क्लिनिक खोलने की योजना को शासन ने मंजूरी दे दी थी। कुल 14 करोड़ 6 लाख की स्वीकृति दे दी है। 38 में से सबसे ज्यादा भिलाईनगर में 17 अस्पताल बनाएं जाने की योजना थी । इसमें से तीन को स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार दुर्ग में 11, रिसाली में 3, चरोदा में 5, एक निकुम और एक पाटन में बनेगा। जहां क्लिनिक में 5 स्टाफ होंगे। डॉक्टर,नर्स, एमपीडब्ल्यू, चतुर्थ कर्मचारी और डाटा एंट्री ऑपरेटर। इसके अलावा ओपीडी की पूरी सुविधा होगी। रोज डॉक्टर फ्री में इलाज करेंगे। साथ ही दवाइयां,टेस्ट भी फ्री होगा। 7 तरह के टेस्ट और 65 तरह की दवा फ्री मिलती है। आने वाले साल से 14 तरह से टेस्ट और 105 प्रकार की दवा फ्री में देंगे।

# जांच में शिकायतकर्ता दोषी,निगम ने गिराई दीवार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,25 जुलाई।** नगर पालिक निगम ने जांच के बाद शिकायतकर्ता को ही दोषी पाया। वह नाली की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। निगम के तोडू दस्ता टीम ने दीवार हटाकर पानी निकासी का रास्ता बनाया। नेवई खदान पारा वार्ड 34 निवासी प्रहलाद वर्मा ने शिकायत की थी कि बारिश का पानी उसके घर के सामने एकत्र हो रहा है। पानी निकासी नहीं होने से घर की दीवार ढह सकती है। पड़ोसी पानी निकासी करने नहीं दे रहे है। आवेदन की



जांच में खुलासा हुआ कि प्रमोद वर्मा ने ही पानी निकासी के रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है। वह नाली को घेर ईट की दीवार खड़ी कर रखा है। यही वजह है कि पड़ोसी भी दीवार को हटाने कह रहे है। निगम ने दीवार तोड़कर पहले नाली की जमीन को मुक्त कराया और पानी निकासी संसाधन तैयार किया। इसी तरह मैत्री कुंज स्थित पानी टंकी के नीचे 1000 वर्ग फीट अतिक्रमण हुए जमीन को मुक्त कराया। दरअसल आशीष सिंह ओवर हेड टैंक के नीचे खाली जमीन पर टीन शेड तैयार कर रहा था। निगम के चेतावनी के बाद वह शेड तो निकाल लिया था, किन्तु ईट की दीवार को नहीं हटाया था। बारिश में दुर्घटना की आशंका देखते हुए निगम कर्मियों ने दीवार को जेसीबी की मदद से हटाया। अतिक्रमण हटाकर लौट रही टीम ने गंदगी फैलाने पर दुकानदार से 2000 जुर्माना वसूला। जानकारी के मुताबिक नेवई स्थित निषाद फर्नीचर का संचालक लकड़ी का बुरादा सड़क पर फेक रहा था। चेतावनी के बाद भी गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की गई। निगम ने मार्ग अवरूद्ध करने पर मकान मालिक से 2000 जुर्माना राशि वसूल की। रूआबांधा निवासी मोहन यादव कच्चा मकान को पक्का बनाने का कार्य कर रहा है। वह भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर रखा था। नागरिकों की लगातार शिकायत करने और मार्ग पूर्ण रूप से अवरूद्ध होने पर निगम ने कार्रवाई की।

## 27 लाख से अधिक का ऋण न चुकाने वाले बकायेदार के खिलाफ की गई कार्रवाई

**भिलाई, 25 जुलाई।** 27 लाख से अधिक का ऋण न चुकाने वाले बकायेदार के खिलाफ आज कलेक्टर जगदलपुर एवं तहसीलदार भानपुरी के आदेश के बाद जब्ती की कार्रवाई की गई। पूरी कार्यवाही में तहसीलदार, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, सूर्यकांत यादव, शांतनु पटेल, जगेंद्र भदौरिया, संतोष झा, पटवारी, राजस्व निरीक्षक थाने से पुलिस बल एवं पुलिस लाइन से 9 पुलिस बल की उपस्थिति में तीन कमरे में ताला मारने की कार्रवाई की गई। बरसात होने की स्थिति में एवं घर में 10 कुत्ते 20 बिल्लियां एवं दो गाय होने के कारण पूरी तरह से मकान



को जब्त नहीं किया जा सका एवं अल्का पांडेय के द्वारा लिखित में निवेदन करने पर 10 दिन का समय दिया गया। उनके द्वारा 27 लाख से अधिक का ऋण नही चुकाया गया।

एक नजर

## बजट में किसानो, महिलाओं व आम आदमी के लिए कुछ नहीं:छन्नी चंदू साहू

**छुरिया,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पुर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने लोकसभा मे प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बजट से किसानों



महिलाओ व आम आदमी को निरशा हांथ लगी है जहां किसानों को पर्याप्त एम एस पी नही दिया जा रहा है वहीं घरेलू सामनों मे बढती मंहगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया है जिससे महिलाओ को रसोई संभालना मुश्किल हो गया है आम आदमी के लिए उपयोग में आने वाली पेट्रोल डीजल के दामों पर सरकार का नियन्त्रण न होने से सबका जीवन प्रभावित हो रहा है यहां बजट पुरी तरह से किसानों महिलाओ व आम जनो के लिए लाभदायक नही है। वही बजट जमीनी हकीकत से दूर है आंकड़े में फिर बदल कर सिर्फ गठबंधन को साधने का बजट प्रतीत होता है देश के बेरोजगारों के लिए कुछ भी नहीं है नगरी अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए कोई विशेष प्रावधान इस बजट में नहीं है, छत्तीसगढ़ के 10 सांसद होते हुए भी बजट में राज्य के लिए कुछ भी नहीं है ,मध्यम वर्ग ,निम्न वर्ग को महंगाई से राहत की कोई योजना नहीं है।

## ग्राम किरगी रिवागाहन में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

**राजनांदगांव ,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम किरगी रिवागाहन में विगत दिनों जिला पंचायत के सहयोग एवं एबीस पहल द्वारा दो दिवसीय स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। दो दिनों तक चले स्वच्छता



त्यौहार का मुख्य उद्देश्य ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करना था। जिसके तहत स्कूली बच्चों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, सेग्रेगेशन को लेकर जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके अलावा बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों को प्लास्टिक के उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पूर्णिमा साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव एसीईओ श्री होरी लाल साहू, प्राचार्य श्री नरोत्तम लाल कमरिया, ग्राम पंचायत सचिव पूनम साहू, एबीस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से असिस्टेंट मैनेजर सीएसआर महिमा सोनी, पहल मोटीवेटर श्री विनोद एवं भूमिका सहित विकासखंड समन्वयक एसबीएम, पंच, ग्राम पटेल, शिक्षक, स्वच्छताग्राही दीदी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेयजल प्रबंधन व संरक्षण के लिए नगर निगम ने लोगों को जागरूक किया

**रायपुर,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम ने संबद्ध स्व-सहायता समूहों को ÷अमृत मित्र÷ के तौर पर नई पहचान दी है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के निर्देशन में रायपुर नगर निगम छत्तीसगढ़ का ऐसा पहला नगर निगम है, जिसने अमृत शहरों में स्व-सहायता समूहों को शुद्ध पेयजल प्रबंधन, जल संधारण, संरक्षण व जल उपयोगिता के संबंध में हर घर को जागरूक करने स्व-सहायता समूह के सदस्यों को फील्ड पर बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। हर घर जल के बेहतर प्रबंधन से जुड़े, मितव्ययता के साथ जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में शासकीय प्रयासों में अपना साथ दें, इसके लिए जन जागरूकता की जिम्मेदारी नगर निगम से जुड़े स्व-सहायता समूह की दीदियों को दिया गया है। समूह की दीदियां उद्यानों के रख-रखाव में भी अपनी भूमिका निभाएंगी, साथ ही जल से जुड़ी हर गतिविधियों के संबंध में जागरूकता के विस्तार में अपना दायित्व निभाएंगी, इसके लिए मानदेय भी निर्धारित किया गया है। आयुक्त श्री मिश्रा ने आगे बताया कि महिला स्व-सहायता समूह पानी टंकी परिसर की सफाई, अंतिम उपभोग हितग्राही के घर पर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से वॉटर क्वालिटी टेस्ट के अलावा अधिकृत एजेंसी या संगठन से वॉटर टेस्टिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के साथ ही पर्यावरण अनुकूल उद्यान सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, वॉल पेंटिंग, ग्राफिटी पेटिंग में लोक कलाकारों की मदद लेकर जल सुरक्षा अभियान को आगे बढ़ाएंगी।

# शत प्रतिशत बच्चों को मिले योजनाओं का लाभः कलेक्टर

**राजनांदगांव 25 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में बाल सक्षम नीति एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 15 जुलाई से 14 अगस्त 2024 तक बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षा वृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास करने तथा एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। उन्होंने सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों का चिन्हांकन, रेस्क्यू एवं पुनर्वास कार्य को गंभीरतापूर्वक करने निर्देशित किया तथा चिन्हांकित बच्चों को 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति राजनांदगांव को सौंपने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के माध्यम से बाल देखरेख संस्थानों में बच्चों को आश्रय प्रदान करते हुए बच्चों के पुनर्वास की कार्रवाई जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास द्वारा किया जाए। साथ ही शासन के विभिन्न विभागों द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बच्चों से जुड़े मादक पदार्थो के क्रय-विक्रय प्रकरणों पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान चिन्हित बच्चों एवं परिवारों को उसके शिक्षण प्रशिक्षण हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने कहा। कलेक्टर ने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित पुलिस, नगर पालिक निगम, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, आदिम जाति कल्याण, चाईल्ड लाईन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**डोंगरगढ़ 25 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आदर्श नगर के सुने मकान से नगदी समेत सोने चांदी लगभग 9.50 लाख की चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। वहीं चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपी फरार बताए जा रहे है। जिनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी शिवेन्द्र भगत निवासी आदर्श नगर वार्ड न0- 20 डोंगरगढ़ ने 07 जुलाई 2024 को थाना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 03 जुलाई 2024 को बाहर गांव चला गया था और 05 जुलाई को जब सहपरिवार वापस लौटा तो मकान का ताला एवं घर अंदर आलमारी का लाकर टुटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम सहित लगभग 9.50 लाख को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर *अपराध क्र0- 385/2024 धारा- 331, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। डोंगरगढ़ शहरी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए अज्ञात चोरों का पता लगाने जुट गई व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्ग दर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त




कर निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा अपने थाना स्तर पर टीम व सायबर सेल राजनांदगांव का टीम के आपसी सांमजस्य में अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश में जुट गये।दोनों टीम के द्वारा 15 दिवस कड़ी मेहनत कर घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरो द्वारा चोरी हेतु उपयोग किये वाहन के आधार पर आरोपी अजय कुमार जैन पिता सुरेश कुमार जैन उम्र- 36 साल साकिन बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ0ग0 एवं जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता विजय कुमार विश्वकर्मा उम्र- 55 साल साकिन उमंग नगर टिकरापारा रायपुर, जिला रायपुर छ0ग0 को पकड़कर पुछताछ करने पर पता चला कि पूर्व में केन्द्रीय जेल दुर्ग में बंद होने के दौरान आरोपी अजय जैन, सुरेन्द्र राव, जितेन्द्र विश्वकर्मा का दोस्ती हुई थी जेल से रिहा होने के बाद तीनों बड़ी चोरी का योजना बनाकर योजना के अनुसार 04 जुलाई 2024 को एक सिल्वर रंग की सेन्ट्रो कार क्र0- सीजी 07 एम 0470 किराये में लेकर व राजेश निवासी ग्राम शिकारी महका थाना छुरिया को भी अपने साथ में लेकर डोंगरगढ़ पंहूचे और आदर्श नगर के एक सुने मकान में 5 जुलाई को रात्रि में ताला तोड़कर घर अन्दर घुंसकर आलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं दीवान पलंग के अन्दर रखे नगदी रूपये को चोरी कर रफूचक्कर हो गए थे व चोरी में मिले जेवरात एवं रूपये को आपस में बांट लिये थे। आरोपी जितेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा अपने हिस्से के चोरी के रकम को अपने बैंक खाता में जमा करने से बैंक में शेष रकम 1 लाख 20 हजार रू को फ्रिज कराया गया है। वहीं चोरो से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 35000/-रू0 सहित लगभग- 305000/-रू0 बरामद कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### मवेशियों का धर-पकड़ अभियान

**राजनांदगांव ,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड अभियान नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है, अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 6 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। कल 9 मवेशी पकडे थे और एक सप्ताह के भीतर शहर के प्रमुख चौक चौराहो से 29 मवेशी पकडे गये, जिन्हें काजी हॉउस में रखा गया था तथा संबंधित मवेशी मालिक से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है।

# पत्नी की हत्या,पति को आजीवन कारावास

डोंगरगढ़/बिजनापुर - अपनी ही पत्नी का नाईलोन रस्सी से गला घोंट कर हत्त्या करने व खुद फांसी लगाई का का बहाना बता बिना किसी को बताए फंदे से उतारने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के द्वारा प्रेस नोट जाती कर बताया गया कि आरोपी संदीप वर्मा पिता ओमकार वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बिजनापुर के द्वारा अपनी पत्नी को 11 मार्च 2023 को रात्रि करीबन 12.30 से 1.00 बजे के मध्य घर के सभी सदस्य जस झांकी देखने गये थे व आरोपी एवं उसकी पत्नी घर में थी, घर के सदस्यगण रात्रि 1.00 बजे आये तब मृतिका मीना बाई का चार माह का पुत्र रो रहा था। मृतिका की जेठानी बच्चे का रोने की आवाज सुनकर मृतिका के कमरे में गयी जंहा मृतिका नही थी तब किचन में जाकर देखा तो मृतिका मीना बाई बांस के काड में फासी के फंदे पर लटकी हुई थी। जिसे आरोपी पति ने फंदे से नीचे उतार कर वही सुला दिया और फंदे से लगे हुए रस्सी को छुपा दिया गया था और सुबह मोहारा थाना में सूचना दिया गया था कि मृतिका मीना बाई गमछे में फासी लगाकर मृत हो गई थी जिसे मैं फंदे से नीचे उतारा हूँ। पुलिस थाना मोहारा द्वारा उक्त घटना का 0/2023 में कायमी कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी से जाँच कराकर सार्ट पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त होने पर डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट में होमोसाईड मृतिका का मृत्यु होना पाया व सांस रूकने का कारण गला घोटना बताया गया। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबुत पाये जाने पर आरोपी को दिनांक 11 मार्च 2023 को गिरफ्तार कर संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र क्रमांक 229/2023 दिनांक 30/05/2023 को चालान तैयार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग-1 डोंगरगढ़ के न्यायालय में पुलिस चौकी मोहारा द्वारा पेश किया गया।

# आम जनता को गुमराह करने वाला बजट : कुलबीर सिंह

**राजनांदगांव ,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।**मंगलवार को जारी हुए केंद्रीय बजट को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जनता को गुमराह करने वाला और ठगने वाला बजट करार दिया है । केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता के हित के लिए कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पायी । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी ÷रेवड़ियां÷ बाँट रहा है, ताकि एनडीए की सरकार बची रहे । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि ये ÷देश की तरक्की÷ का बजट नहीं बल्कि ÷मोदी सरकार बचाओ÷ बजट है।10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुईं हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों को लिए केवल सतही बातें हुईं हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना सब चुनावी धोखेबाज़ी निकली। ग्रामीण वेतन को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है।

कुलबीर ने कहा कि दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, मध्यम वर्ग और गाँव-ग़रीब लोगों के लिए कोई भी क्रांतिकारी योजना नहीं है, जैसी कांग्रेस ने यूपीए सरकार में लागू की थी ।

# माँ बम्लेश्वरी की नगरी में महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा 27 को

**डोंगरगढ़ 25 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

माई की नगरी डोंगरगढ़ में सावन के पावन माह के अवसर पर राजनांदगांव सिंघोला में स्थित महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में सवारी पालकी यात्रा के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे तय किया गया माँ बम्लेश्वरी के धाम में 27 जुलाई 2024 शनिवार को निकाली जाएगी समिति के हनी गुप्ता ने बताया इस यात्रा को लेकर शिव भक्तो में उत्साह नजर आया पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी यात्रा सुबह 11 बजे सर्व प्रथम चंद्रमौलेश्वर बाबा का आगमन छोटी मां बम्लेश्वरी प्रांगण जहाँ शिव शक्ति का मिलन व पूजा अर्चना (माता रानी से भेंट) इसके पश्चात दोपहर 01 बजे मूंछ वाले हनुमान जी के महावीर मंदिर में हरि-हर का मिलन (ठाकुर जी से भेंट) के बाद दोपहर 02 बजे पालकी यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी जिसमें अखाड़ा,झांझ मंजीरा ढोल, शिव लीला,बाबा की सवारी पालकी,गायक भजन कीर्तन,शामिल रहेगा। सिंघोला महाकाल मंदिर लगभग 9 वर्षों पूर्ण हो गया है जिसके



संस्थापक पवन डागा राजू डागा है । महाकाल सेना व सिंघोला मंदिर उनके द्वार यह यात्रा राजनांदगांव में सावन के प्रत्येक सोमवार को निकाली जाती है व अन्य दिन में अलग अलग शहरों में यात्रा निकलती है। कुल 11 यात्रा निकली जानी है जिसमे डोंगरगढ़ डोंगरगांव खैरागढ़ महराजपुर में निकलेगी । वहींनिखिल जैन ने बताया कि नगर के इन मुख्य मार्ग से निकलेगी यात्रा प्रारम्भ महावीर मंदिर से शीतला मंदिर एक्सिस बैंक हनुमान चौक गोल बाजार जयस्तंभ चौक टॉकीज चौक रेलवे चौक बुधवारी पारा भंडारी चाल जैन मंदिर मार्ग हनुमान चौक भगत सिंह चौक तराने गली बस स्टैंड कचरी चौक सिविल लाइन ब्राह्मण पारा मिश्रा किराना शिव मंदिर ठेठवार पारा में समापन किया जायेगा यह तय किया गया। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पैजमा महिला वर्ग लाल या पीली साड़ी कुर्ती तय किया गया।समिति के अविनाश पोद्दार यात्रा को लेकर बैठक में आये सुझाव व निर्णय के बारे में बताया - नगर के सभी समाजो व संगठनों समिति द्वारा यात्रा का स्वागत व स्वल्पाहार की व्यवस्था की जायेगी। छ्द्ध धुमाल का नही होगा प्रयोग भक्ति व झांझ मजीरा डमरू की धुन में झूमेंगे भक्त व छतरी रेनकोट लेकर आये साथ यात्रा के अंत मे रहेगी सफाई गाड़ी की व्यवस्था व कोई भी भक्त कोई भी नशे का सेवन कर यात्रा में शामिल ना हो यात्रा के मुख्य मार्ग में पुष्प वर्ष हेतु किया गया आग्रह।

# घटिया निर्माण के चलते ही एक ही दिन में 7 दुर्घटनाओं में 4 लोग हुए घायल

**डोंगरगांव 25 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

डोंगरगांव नगर पंचायत लगातार विवादों मे रह है कही भ्रष्टाचार की बात करे तो 18 करोड़ रोड चौड़ी कारण की बात करें नगरवासियों की सुविधा तथा दुर्घटनाओं से मुक्ति के लिए साढ़े 18 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सडक़ अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. मंगलवार को सुबह सात छोटे बड़े वाहन उक्त सडक़ में दुर्घटना के शिकार हो गए. इन दुर्घटनाओं में चार व्यक्तियों को गंभीर चोटें आयी है. मामला डोंगरगांव मध्य से गुजरने वाले स्टेट कारीडोर के करियाटोला के नाल के पास की है. जहाँ घटिया सडक़ निर्माण के चलते सडक़ में बड़े बड़े गड्ढे तथा जल जमाव की स्थिति है जिसमें वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. इनमें दो वाहन चालकों के हाथ व पैर की हड्डी टूटने तथा एक अबोध सवार के सिर फटने सहित एक मिडियाकर्मी के दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं. वहीं दुर्घटना के घंटों बाद भी न ही संबंधित ठेकेदार अथवा पीडब्ल्यूडी विभाग के कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे वहीं मिडियाकर्मियों तथा आमजनों के व्दारा उक्त मार्ग की बेरिकेटिंग कर लोगों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य क्षेत्र से परिवर्तित की गई.



**हादसों के बाद भी नहीं ले रहे हैं सबक** - ऐसा नहीं है कि मंगलवार को घटित यह घटना पहली है अलबत्ता उक्त सडक़ जो कि क्षेत्रीय विधायक के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है तथा पूर्ववर्ती सरकार के दौरान ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था और तब से लेकर अब तक इस सडक़ निर्माण क्षेत्र के भीतर 22 से अधिक छोटे बड़े वाहन दुघटनाओं के शिकार हुए हैं. इन दुर्घटनाओं के पीछे संबंधित ठेकेदार के व्दारा निर्माण क्षेत्र में सुरक्षा के समुचित प्रबंध नहीं करना तथा अव्यवस्थित एवं घटिया निर्माण कार्य है. जिसे लेकर नगर में दो बड़े आंदोलन भी हो चुके हैं परन्तु विभाग है कि कार्यवाही करने के बजाए ठेकेदार को संरक्षण देकर अपनी जेब भरने में लगे हैं.

**18 करोड़ की सडक़ 28 दिन नहीं चला** - नगर के मध्य से गुजरने वाली स्टेट कारीडोर के साढ़े तीन किलोमीटर के पैच में 18 करोड़ की लागत से सडक़, डिवाईडर, ड्रेनेज सिस्टम तथा सौंदर्यीकरण भी किया जाना था. इसके लिए निर्धारित अवधि भी व्यतीत हो चुकी है परन्तु ठेकेदार व्दारा नियमों की अनदेखी कर शेड्यूल एवं डीपीआर के विरूद्ध निर्माण कार्य को धीमी गति से किया जा रहा है. वहीं गुणवत्ता की बात करें तो 28 दिन पूर्व किये गए डामरीकरण का कार्य अपनी हकीकत खुद बयान कर रहा है. स्थिति यह है कि सडक़ के शुरूआती जीरो माईल से लेकर अंतिम छोर तक नई नवेली सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई है. इससे भी गंभीर बात यह है कि ठेकेदार को पहले ड्रेनेज सिस्टम बनाने के उपरांत ही सडक़ का निर्माण कार्य किया जाना था परन्तु अब तक सडक़ तो आधी अधूरी बना दी गई है वहीं ड्रेनेज सिस्टम को लेकर विभाग व ठेकेदार दोनों ही उहापोह की स्थिति में हैं.

### क्या कहते हैं

- इस मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर कौशल कुमार जत्ती ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे थे अभी ऑनलाईन मीटिंग में हैं. वहीं विभाग के एसडीओ हर्षद साहू ने बताया कि नाली काटकर नहर नाली में पानी निकासी की जा रही है, वहाँ कपड़ा दुकानदार व्दारा अतिक्रमण के चलते पानी निकासी की समस्या है. जिसे दूर कर गड्ढों को डब्ल्यूएमएम से भरा जायेगा.
- इस मामले में संबंधित ठेकेदार लेखराम साहू से मोबाईल नंबर 9406081449 से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु नो रिप्लाई रहा.
- नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर नगर पंचायत के जेसीबी से नाली काटकर पानी निकासी का रास्ता बनाया गया है और सडक़ के दोनों ओर बेरिकेटिंग की गई है. जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग व्दारा पूर्व में किया जाना चाहिए वही कार्य दुर्घटनाओं के बाद नगर पंचायत को करना पड़ रहा है.

## रणनीतिं एवं कार्य-योजनाओं पर की गई चर्चा

**राजनांदगांव ,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों के आवास स्वीकृति हेतु आगामी वृहद मात्रा में लक्ष्य प्राप्त होने के संबंध में जिले में पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राजनांदगांव जिले के सभी विकासखण्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के स्थाई प्रतीक्षा सूची के 14909 पात्र हितग्राहियों एवं आवास प्लस के 29093 पात्र हितग्राही इस प्रकार कुल 44002 पात्र हितग्राहियों के स्वीकृति की अनुशंसा पर आवश्यक रणनीति और कार्य योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार एवं पटवारियों को भूमिहीन पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर आबादी भूमि उपलब्ध कराने एवं ऐसे ग्राम पंचायत जहां आबादी भूमि नहीं है, वहां आबादी भूमि हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिव एवं पटवारियों से समन्वयय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार कर उच्च कार्यालय को उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में ऐसी ग्राम पंचायत जहां भूमिहीन पात्र हितग्राहियों की संख्या अधिक है उसे चिन्हांकित करते हुए कालोनी निर्माण करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सीईओ जनपद पंचायतों द्वारा आगामी लक्ष्य को देखते हुए तैयार की गई कार्ययोजना को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने डोंगरगांव विकास योजना प्रारूप 2031 के संबंध में विकास योजना समिति की ली बैठक

**राजनांदगांव,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा डोंगरगांव विकास योजना (प्रारूप) 2031 के संबंध में विकास योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डोंगरगांव विकास योजना (प्रारूप) 2031 में सम्मिलित ग्रामों के सरपंच एवं नगरीय निकाय एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त करने डोंगरगांव नगर पंचायत में बैठक आयोजित करने कहा। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव, सम्मिलित ग्रामों में सरपंच एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत डोंगरगांव एवं नगरीय निकाय के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त कर विकास योजना में समाहित करने के निर्देश दिये, ताकि डोंगरगांव क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए विकास योजना तैयार की जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश श्रीमती कमला सिंह, विकास योजना समिति के सदस्यगण, संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## लड़की को चाकू लेकर दौड़ने वाला गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ ,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** लड़की को चाकू लेकर दौड़ाने वाले आरोपी को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सूचना मिली कि बुधवारी पारा डोंगरगढ़ वार्ड न0- 14 की एक लड़की को उसके घर के आगे गली में एक व्यक्ति धारदार चाकु लेकर मारने के लिये दौड़ा रहा था जिसे पकड़कर रखे है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी आस्टीन डेविड पिता अविनाश डेविड उम्र- 25 साल निवासी जरहागांव थाना जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. को पकड़कर आरोपी से एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि ऐशुराम बनवाली, आरक्षक चमन साहू, ओमप्रकाश का विशेष योगदान रहा।

## गुरु पूर्णिमा मनाई एवं छात्रसंघ गठन किया

**राजनांदगांव,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा में गुरु पूर्णिमा मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य अध्यक्षता अजय मसीह प्राचार्य विशेष अतिथि शिक्षक धनंजय साकुरे सतीश गुप्ता संतोष ठाकुर सुभाष साहु विजय यादव वर्षा श्रीवास्तव नेहा स्वाति शुक्ला तेजेश्वरी साहू श्रीवास्तव प्रीतम साहू शिक्षक अतिथि में मां सरस्वती पूजा अर्चना किया सरस्वती वंदना गुरु वंदना छात्र छात्राओं तिलक नारियल भेंट कर गुरु पूर्णिमा मनाया वैष्णव ने उद्बोधन में कहां गुरु मानव जीवन उच्च स्थान है भारत में



गुरुकुल परम्परा चले आ रहा गुरु सदैव पूजनीय है गुरु आदेश पालन करना चाहिए तथा छात्र संघ गठन किया शपथ दिलाया जिसमें शाला नायक रितिक साहू शाला नायिका निकिता पटेल उपशाला नायक तेजराम नेताम चंदशेखर उज्जवल निषाद उपशाला नायिका पायल गंगवीर वेदिका साहू प्रीति श्रीवास सांस्कृतिक एवं साहित्य हिमांशु चंदाकर चंद्रकांत साहू राधिका साहू रेशमी देवांगन कीड़ा सचिव रीना साहू यश कुमार मरकाम विज्ञान सचिव उर्वशी निषाद ओमलाल निषाद अनुशासन गायत्री साहू भावेश रजक कमलेश साहू शाहिल साहू स्वच्छता वांछित साहू नूतन साहू वेदिका साहू शाला परिवार सुरक्षा प्रभारी टुमन ठाकुर सागर वर्मा गोविंद गंगवीर को शपथ दिलाया गया.

## केन्द्रीय बजट 2024 में रोजगार के नये अवसरः अभीक बरूआ

**रायपुर,,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित बजट मुख्य रूप से रोजगार और कौषल निर्माण जैसे संबंघित मुद्दो पर केन्द्रित रहा है और इससे प्रतिवर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। मि. अभीक बरूआ चीफ इकोनोमिस्ट, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने केन्द्रीय बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुऐं कहा कि बजट का मुख्य फोकस रोजगार और कौशल निर्माण जैसे संबंधित मुद्दों पर रहा है। भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को भुनाने के लिए सरकार के प्रयास श्रम प्रधान उत्पादन, कौशल विकास पहल, औपचारिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में इसके प्रयासों में दिखाई देते हैं। बजट अनुमान के अनुसार इन उपायों से प्रति वर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी - जो कि आर्थिक सर्वेक्षण में निर्धारित रोजगार जरूरतों के अनुरूप है। पहली बार काम करने वालों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के साथ-साथ आयकर स्लैब में बदलाव से डिस्पोजेबल आय में वृद्धि के कारण विशेष रूप से छोटी टिकट वाली वस्तुओं के लिए खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने अपनी कार्य एजेंसी को मौक़े पर दिये विस्तृत दिशा निर्देश

**रायपुर,25 जुलाई।** गत् 17 नवंबर से बूढ़ा तालाब-विवेकानंद सरोवर परिसर के संचालन व रख रखाव की ज़िम्मेदारी निभा रहे पर्यटन बोर्ड द्वारा नियुक्त कार्य एजेंसी एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स प्रा. लि. की टीम को विस्तृत दिशा निर्देश देने बूढ़ा तालाब परिसर में पर्यटन बोर्ड ने नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, जीएम (तकनीकी) श्री पी.के. पंचायती, एजीएम इमरान खान, बोर्ड की पर्यटन अधिकारी भावना श्रीवास्तव, एडवेंचर स्पोर्ट्स शाखा के प्रमुख संतोष रैदास, एम.एम.पी. वॉटर के विजय कुमार शामिल रहे। बैठक में कार्य एजेंसी से कहा गया कि बूढ़ातालाब परियोजना तथा आईलैंड हेतु किए गए 03 उच्चदाब संयोजन संबंधित फर्म एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स अपने नाम पर नामांतरित करेगी तथा अपनी आवश्यकता अनुसार विद्युत संयोजन में अनुबंधित भार कम या ज्यादा कर सकती है। यह फर्म संपूर्ण बूढ़ातालाब परिसर परिक्रमा स्थल में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा वर्तमान में स्थापित सभी अधोसंरचना, उपकरण एवं विद्युत सामग्री का संचालन एवं संधारण उनके द्वारा किया जाएगा। तात्कालिक व्यवस्था अंतर्गत फर्म द्वारा अस्थाई विद्युत मीटर कनेक्शन लेकर कार्यवाही की जाएगी।

संपादकीय

# इस बार का बजट विकसित भारत के लिए

सरकार हर साल बजट पेश करती है। हर बजट का एक मकसद होता है। हर बजट का एक संदेश होता है। मोदी सरकार के इस साल के बजट का संदेश विकसित भारत है। विकसित भारत के लिए जरूरी है कि देश की अर्थव्यवस्था हर तरह से मजबूत होनी चाहिए। हर साल मजबूत होती रहनी चाहिए। मोदी सरकार वर्तमान के साथ ही भविष्य के प्रति भी एक सकारात्मक सोच रखती है, इसलिए उसका बजट अब तक की सरकारों से कुछ अलग ही होता है। हर बार के बजट की तरह मोदी सरकार के इस बजट में मोदी सरकार की छाप है। दूसरी सरकारों की तरह मोदी सरकार भी चाहती तो मुफ्त वाली घोषणाए कर सकती थी लेकिन वह जानती है कि फ्री वाली घोषणाओं का मतलब है कि देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना । यही वजह है कि उसने चुनाव के पहले अंतरिम बजट में भी मुफ्त वाली घोषणाओं से परहेज किया तथा उसी सिलसिले को आम बजट में भी बनाए रखा है। मोदी सरकार ने एक लक्ष्य तय कर रखा है कि आजादी के सौ बरस पूरे होने पर भारत को विकसित देश की कतार में खडा करना है। पिछले दस साल से मोदी सरकार हर बजट में इसी लक्ष्य को पूरा करने का काम किया है साथ ही हर वर्ग के लोगों को कुछ न कुछ देने का प्रयास भी किया है। मध्य वर्ग चाहता है कि उसे इनकम टैक्स में कुछ मिलना चाहिए तो सरकार ने स्लैब बदलकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। चुनाव में राहुल गांधी ने युवा वर्ग को सरकार के खिलाफ हर तरह से भड़काने की कोशिश की थी इसलिए सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने वाले प्रशिक्षण सहित हर तरह से रोजगार दिलाने के लिए प्रयास इस बजट में किया है ताकि विपक्ष रोजगार के नाम पर युवा वर्ग को सरकार के खिलाफ भड़का न सके। इसी तरह महंगाई को नियंत्रित करने का प्रयास इस बजट में किया गया है इसके लिए राजकोषीय घाटे के कम रखने का प्रयास किया गया है। सरकार ने अपने बजट में खर्च बढ़ाया है तो उसके लिए पैसों का इंतजाम भी किया है। वह भी इस तरह से किया गया है कि जनता पर बोझ न बढ़े। किसी भी सरकार के लिए खर्च बढ़ाने पर आय की व्यवस्था करना भी जरूरी होता है लेकिन कई राज्य सरकारे ऐसा नहीं कर पाई यही वजह है कि वहां की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। मोदी सरकार शुरू से ही ऐसे काम करने से बच रही है जिससे अर्थव्यवस्था को किसी भी तरह का नुकसान हो। देश के विकास के लिए पैसा न बचे। जनहित के कार्यों के लिए पैसा न बचे। मोदी सरकार ने महिला, किसान, युवा, गरीब, व्यापारी वर्ग, शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क, पुल-पुलिया,रोजगार सभी क्षेत्रों में खर्च बढ़ाया है। राज्यों को भी पहले से हर बजट में ज्यादा देने की कोशिश की जाती रही है। इस बार बिहार व आंध्र प्रदेश को बजट में विशेष पैकेज दिया गया है। इसकी मांग वहां की सरकार व राजनीतिक दल लंबे समय से कर रहे थे। देश के विकास के लिए राज्यों का विकास भी जरूरी है, इसलिए आंध्र व बिहार के पैकेज को राज्य के साथ ही देश के विकास से भी जोड़कर देखना चाहिए। विपक्ष इसे देश व राज्य की बेहतरी की बजाय राजनीतिक चश्म से देख रहा है इसलिए उसका कहना है कि सरकार को बचाने के लिए मोदी सरकार ने बिहार व आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया है। यहां सवाल उठता है कि क्या विपक्ष की सरकार होती तो वह अपने सहयोगी दलों की राज्य सरकारों की मांगों को पूरा नहीं करती। कोई भी सरकार हो अगर वह सहयोगी दलों के समर्थन से बनी है तो स्वाभाविक रूप से सरकार उनका ख्याल तो रखती है। स्थायी सरकार के लिए सभी दल ऐसा करते हैं, मोदी सरकार ने किया है तो गलत नहीं किया है। संसद में जब मोदी सरकार की तरफ से कहा गया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता तो विपक्ष खुश हो गया था कि अब तो नीतीश कुमार सरकार से समर्थन वापस ले लेगा। लेकिन विशेष पैकेज मिलने से नीतीश कुमार खुश है, इससे विपक्ष को बहुत निराशा हुई है। आंध्र प्रदेश को कम पैसे दिये गए हैं लेकिन उसको हर बजट में इसी तरह एकमुश्त राशि देकर बिहार की तरह संतुष्ट किया जाएगा,इसलिए मोदी सरकार के गिरने का सपना विपक्ष देखता रहेगा और मोदी सरकार दिन ब दिन और मजबूत होती जाएगी। विपक्ष को उम्मीद नहीं थी मोदी सरकार बजट का उपयोग भी अपनी मजबूती के लिए कर सकती है,सरकार ने ऐसा बखूबी किया है और साबित किया है कि वह विपक्ष की उम्मीद से ज्यादा अच्छा काम निरंतर कर सकती है।

बजट

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

ललित गर्ग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निमर्ला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सविर्सेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निमर्ला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निमर्ला सीतारमण ने कहा, ह्यनवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और



मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां ह्यहर हाथ को कामह्ण का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निमर्ला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा का रिजल्ट आपके पक्ष में आएगा। आर्ट, मीडिया से जुड़े लोगों को नौकरी के नये अवसर मिलने के योग हैं। आपको, ऑफिस में आपके कार्यों के लिए सम्मान मिलेगा। कोई नया प्रोजेक्ट आपको दिया जाएगा आप उसे बेहतरीन तरीके से पूरा करेंगे जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आपकी इनकम बढ़ेगी। आपका पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज किसी से उलझने से बचे। आज आप सेहत का खास ख्याल रखें।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप अपने बिजनेस में कोई नई शुरूआत करेंगे। आपकों जबरदस्त सफलता मिलेगी। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस दौरान आप नये लोगों से मिलेंगे। कुछ नया सीखने को मिलेगा। कई माध्यमों से धन कमाने के मौके मिलेंगे। इस दौरान आप ओवर कॉन्फिडेन्स से बचें। आज आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्राग बनी रहेगी। कुछ पारिवारिक खर्चें होंगे। घर का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को नजर अंदाज ना करें, अपने खानपान का ध्यान दें।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके परिवार का माहौल सुखद रहेगा। आपसी तालमेल देखकर आपको खुशी होगी। आपकी प्रोफेशनल लाइफ शानदार रहेगी। आज किए गए प्रयासों में दोगुना लाभ होगा। आप आर्थिक तौर पर खुद को मजबूत पायेंगे। जो लोग चिकित्सा से जुड़ें हैं, उनके लिए उत्तम समय है। कुछ नई उपलब्धियां मिलेंगी। आप लवमेट के साथ किसी मनपसंद जगह जाने का प्लान बनाएंगे। इस दौरान आपके कुछ खर्चें भी होंगे। आज आपको क्रोध करने से बचना चाहिए किसी से भी बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। मन शांत रखने के लिए मेडिटेशन करें।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नये फैसलें लेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा बदलाव आएगा। कोई बिजनेस ट्रिप भी कर सकते हैं। आपको सुखद अनुभव के साथ मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप परिवार के खुशहाल माहौल में दिन बिताएंगे। कार्यस्थल पर आप सतर्क रहेंगे। विरोधी कोई समस्या खड़ी कर सकते हैं, इसलिए आपको सावधान रहने की जरूरत है। आज आपको किसी भी तरह की लापरवाही से बचना चाहिए। आज आपको दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज लिया गया निर्णय आगे चलकर आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपको आपके करियर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मिलेंगी आपका कोई सरकारी काम बनेगा। उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको नौकरी में लाभ होगा। आपको नई दिशा मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपकी लाइफ स्टाइल में बदलाव देखने को मिलेगा। आपके हर कार्य में जीवनसाथी का सहयोग मिलता रहेगा। आप अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे। संतान की ओर कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिलेगी। यह शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी की हो सकती है।

कन्या राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। व्यापार जगत से जुड़े हर कार्य में आपको सफलता मिलेगी। परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन कर छात्र कामयाबी पा सकेंगे। जीवनसाथी से आपकी अच्छी समझ रहेगी। आप आनंदित महसूस करेंगे। आज प्रार्पटी से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर कागजी कार्यवायी ध्यान से करें। व्यापारिक गतिविधियों में सक्सेस मिलने से आर्थिक क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों के साथ किसी एडवेंचर ट्रिप पर जा सकते हैं। फिटनेस के लिए व्यायाम करें।

तुला राशिः आज का दिन आनंद से भरा रहेगा। आपके परिवार में कोई मांगलिक कार्य होगा। घर का माहौल खुशहाल रहेगा। आज आप कुछ समय संगीत सुनने में बिताएंगे। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नई नौकरी ज्वाइन करने से पहले अच्छी तरह सोंच-समझ लें। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। ऑफिस में आपको किसी बडे प्रोजेक्ट पर काम करने को मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आप अपने घर के लिए आज कुछ योजनाएं बनाएंगे। घर में किसी की सेहत को लेकर आप डॉक्टर से सुझाव लेंगे। बच्चों का मन पढ़ाई में लगेगा।

वृश्चिक राशिः आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी बिजनेस में धन निवेश करेंगे। आप व्यापार संबंधी कोई नई योजना शुरू करेंगे। अपने व्यापार को आगे ले जाएंगे। आपका रुका हुआ पैसा वापस आ सकता है। आप कुछ दान पुण्य का काम भी करेंगे। जरूरतमंद बच्चों को उनके जरूरत की चीजें बाटेंगे। इस राशि के महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी संतान का भाग्योदय होगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप व्यायाम करें। दांपत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है, जीवनसाथी आपके भावनाओं की कद्र करेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। आप अपने बच्चों और परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। आपको आपके सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आज आपको अपने मनपसंद जगह घूमने का मौका मिलेगा। आप बहुत कुछ नया सीखेंगे। आपकी जॉब में सैलरी बढ़ने के योग हैं। कार्यस्थल पर अपने विरोधियों से सतर्क रहें। आज आप अपने बड़बोलेपन से बचें। आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिलेगा।

मकर राशिः आपके लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आपको परिवार का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में परेशानियां खत्म होंगी। कार्यस्थल पर आज आपकी भागदौड़ ज्यादा रहेगी। व्यापार में अच्छे लाभ के योग हैं। इस दौरान किसी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। लेनदेन करते समय खास ध्यान रखें। आप अपना कुछ समय परिवार और दोस्तों के साथ गुजारें या मनोरंजन के लिए भी निकालें, अच्छा महसूस करेंगे। काफी समय से रुका हुआ काम पूरा होने की उम्मीद है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपको मेहनत का फल मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कार्यस्थल पर अपने सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आप अपनी पहचान बनाने में सफल रहेंगे। अपनी कड़ी मेहनत से विरोधियों को चुनौती दे पाएंगे। आपका नए कार्यों में मन लगेगा। आप अपना बेस्ट देने का प्रयास करेंगे। नौकरी में उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। इस दौरान आप आलस्य को अपने ऊपर हावी ना होने दें, साथ ही वाणी में मधुरता लायें। पारिवारिक सदस्यों के बीच आपसी प्रेम रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर आप डॉक्टर से सलाह लेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपना कोई बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके निजी रिश्तों में सुधार आएगा। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में आर्थिक फायदा मिलेगा। इस दौरान आपको अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखना होगा। आपके घर परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा। आप अपनी सेहत के प्रति थोड़ा सजग रहें। बेवजह गुस्सा करने से बचें।

# एक पेड़ माँ के नाम : धरती मां को हरा-भरा बनाने चल रहा अभियान

डॉ. दानेश्वरी संभाकर

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि,हम सबके जीवन मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, मां हर दुःख सहकर भी अपने बच्चों का पालन पोषण करती है, हर मां अपने बच्चों पर हर स्नेह लुटाती जन्मदात्री मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। प्रधानमंत्री श्री मोदी का सोचना है कि अब हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं लेकिन और कुछ कर सकते हैं। इसी सोच में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है इस अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने (5 जून) को बुद्ध जयंती पार्क, नई दिल्ली में पीपल का पौधा लगाकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की। प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए पीएम मोदी ने दुनिया भर के लोगों से अपनी माँ के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। केंद्र और राज्य सरकार के विभाग भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के लिए सार्वजनिक स्थानों की पहचान करेंगे। गौरतलब है कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम भूमि क्षरण को रोकना और उलटना, सूखे से निपटने की क्षमता विकसित करना और मरुस्थलीकरण को रोकना का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर के अटल नगर स्थित जैव विविधता पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ पीपल के पौधे का रोपण कर किया। इस अभियान के तहत वन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में 4 करोड़ वृक्ष लगाये जाएंगे। इस अभियान में स्कूली बच्चे, आम नागरिक और जनप्रतिनिधि भी उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। शासकीय, अशासकीय संस्थाओं और समितियों द्वारा पौधारोपण जोर-शोर से किया जा रहा है। पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वतर्मान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है। कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के साथ इस साल सितंबर तक 80 करोड़ और मार्च, 2025 तक 140 करोड़ पेड़ लगाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए ह्लसंपूर्ण सरकारह्व और ह्लसंपूर्ण समाजह्व नीति का पालन किया जाएगा। ये पेड़ पूरे देश में व्यक्तियों, संस्थाओं, समुदाय आधारित संगठनों, केंद्र और राज्य सरकार के विभागों और स्थानीय निकायों द्वारा लगाए जाएंगे।




राजनीति

# गठबंधन साथियों पर मेहरबानी का बजट

ऋतुपर्ण दवे



मोदी 3.0 का पहला बजट सामने है। कई राज्य खाली हाथ हैं। लेकिन गठबन्धन धर्म की रीत निभाता यह बजट हमेशा की तरह आंकड़ों, गणित और पहेलियों में उलझा हुआ है। आम आदमी बस इतना समझता है कि क्या सस्ता हुआ, क्या मंहगा, किसे क्या मिला और सीधे-सीधे टैक्स में कितनी बचत हुई? अभी इतना समझ आ रहा है कि मोबाइल और चार्जर सस्ते हुए और सोने-चांदी के दाम भी थोड़ा घटेंगे। प्राइवेट जॉब में युवाओं को आस है। टॉप देशी 500 कंपनियां 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देंगी और 5 हजार रुपए मासिक, और एकमुश्त 6 हजार की अतिरिक्त सरकारी मदद तथा इस दौरान कैंपस सुविधा मिलेगी। यह नियमित नौकरी तो नहीं होगी लेकिन पीएम इंटर्नशिप स्कीम की पात्रता शर्तों को भी पूरा करना होगा। वहीं 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग की तैयारी भी है।

रेलवे को रेकॉर्ड पैसा देने के बावजूद खास चर्चा नहीं हुई। सुरक्षा पर ही ध्यान रहा। बीते वित्त वर्ष में 700 करोड़ से अधिक लोगों ने सफर किया। चालू वित्त वर्ष में 2500 अतिरिक्त जनरल कोच बनेंगे। गठबंधन धर्म के बावजूद आम आदमी की खास जरूरत जिसमें सीनियर सिटीजन, वेटिंग लिस्ट और यात्री सुविधाओं का जिक्र तक नहीं हुआ। टीडीएस नियमावली आसान होगी और क्रिमिनल लॉ बाहर होंगे। जीवन बीमा पॉलसियों जिनका सम एश्योर्ड 10 प्रतिशत से ज्यादा हैं उनकी मैच्योरिटी पर भी 5 प्रतिशत टीडीएस कटता है जो घटाकर अब 2 प्रतिशत किया गया है। रियल एस्टेट भी बजट से निराश है। अब प्रॉपर्टी दो साल के लांग टर्म की श्रेणी में आएगी। पहले तीन साल में थी। मतलब इस सेक्टर को इंडेक्सेशन का फायदा नहीं मिलेगा।

भाजपा ने खास सहयोगियों बाबू नीतिश और चंद्रबाबू को साधा जरूर लेकिन स्पेशल स्टैटस का दर्जा नहीं दिया। उनकी विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर धनवर्षा खूब की। बाढ़ प्रभावित राज्यों बिहार, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, असम सिक्किम को मदद का ऐलान हुआ तो मणिपुर में बाढ़ विस्थापितों को राहत या पुनर्वास की चर्चा तक नहीं हुई। उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ मणिपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और गोवा को बजट में कुछ खास मिला नहीं। शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष तो और दीगर जरूरतों पर मरहम की घोषणाओं का महज इंतजार होता रहा।

मध्यम तबके को साधने की कवायद जरूर दिखी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ घर बनाने का लक्ष्य है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल (पीपीपी) के तहत 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों में औद्योगिक कामगारों खातिर डॉरमेट्री जैसी सुविधाएं तो आधी आबादी को साधने



हेतु उनके पोषण से लेकर स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल व शिशु गृह तैयार करने पर घोषणा हुई। इससे महिलाओं का घर व काम के बीच बेहतर ढ़ंग से तालमेल होगा। वहीं एक करोड़ घरों को सोलर पैनल के जरिए 300 यूनिट फ्री बिजली की जगमगाहट का इंतजार है।

इस बजट से शेयर बाजार जरूर असंतुष्ट दिख रहा है। शॉर्ट टर्म कैपिटल टैक्स जो पहले 15 प्रतिशत था अब 20 प्रतिशत हो गया है। फ्यूचर और ऑप्शन पर सिक्योरिटी एण्ड ट्रांजेक्शन टैक्स बढ़ गया है। निश्चित रूप से इसका नकारात्मक परिणाम भी भाषण के साथ शेयर बाजार में दिखा। पूरे बजट को देखने से यह लगता है कि सरकार का फोकस नई टैक्स प्रणाली को भविष्य में मजबूती से लाना है। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 16 में मानक कटौती का प्रावधान है जिसका ज्यादा फायदा नौकरीपेशा लोगों को ही होता है।

इसमें एक तय राशि को ही टैक्सेबल आय से घटाया जाता है जिससे टैक्स पेयर की देनदारी कम जाती है। इसकी शुरुआत 1974 में हुई थी। बाद में इसे खत्म कर दिया गया लेकिन 2018 में स्टैंडर्ड डिडक्शन फिर शुरू हुआ। अब इसका लाभ नई और पुरानी कर प्रणालियों में लिया जा सकता है। इस बजट में यह कटौती 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दी गई है।

कृषि क्षेत्र में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए अगले दो वर्षों में राजी किया जाएगा। जलवायु अनुरूप फसल उगाने के साथ सब्जी उत्पादन बढ़ाने हेतु कलस्टर विकसित होंगे। वहीं किसान संगठन से जुड़े नेताओं ने कहा है तो फिर उर्वरकों और रसायनों पर सब्सीडी कैसी? निश्चित रूप से बढ़ती मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए कृषि क्षेत्र अहम है। इसलिए सबको लगता था कि इस पर ज्यादा चर्चा होगी ।बजट में पूर्वी क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है और पर्यटन की संभावनाओं के नाम पर बिहार खातिर बड़ी-बड़ी घोषणाएं हुईं। विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर के व्यापक विकासित कर विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विश्व स्तरीय तीर्थ और पर्यटन स्थलों में बदलने की बात कही गई। राजगीर और नालंदा विश्वविद्यालय के लिए व्यापक विकास की पहल है। नए हाथ आए राज्य ओडीशा की प्राकृतिक सुन्दरता के मद्देनजर वहां भी पर्यटन हब बनाने की घोषणा हुई। मध्यम आय वर्ग बजट से ज्यादा संतुष्ट नहीं दिख रहा है। रसोई, सिलेण्डर का खर्चा बढ़ता जा रहा है। रिटायर्ड और मौजूदा सरकारी कमर्चारी भी बड़ी उम्मीदें पाले थे। हां कैंसर मरीजों को जरूर महंगी दवाओं से राहत मिलेगी। जबकि चुनावी राज्यों के हाथ मायूसी लगी। महाराष्ट्र, हरियाणा का जिक्र तक नहीं हुआ तो जम्मू-कश्मीर और झारखण्ड का नाम आया जरूर लेकिन वहां चुनावों के मद्देनजर खास कुछ मिला नहीं। बिहार-आंध्रप्रदेश की तमाम योजनाओं पर 74 हजार करोड़ की धनवर्षा से लगता नहीं कि यह बजट सरकार के अपने अरमानों पर ज्यादा केन्द्रित है? फिर भी 7.75 लाख रुपए आय तक टैक्स नहीं लगने और कुल आय पर स्टैण्डर्ड 50 हजार से बढ़ाकर 75 करने से कुछ फायदा तो तय है। अब यह ऊंट के मुंह में जीरा होगा या जीरे मे ऊंट मुंह मारेगा? इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

**एक नजर**

## सुरक्षाबलों के प्रयास से स्थापित किया गया टावर



**सुकमा, 25 जुलाई।** जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों को मोबाईल कनेक्टीविटी से जोड़ने एवं बेहतर इंटरनेट सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शसन-प्रशासन के द्वारा शत प्रतिशत 4 जी कनेक्टीविटी हेतु नये जियो टावर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। बस्तर आईजी सुन्दरराज पी, छ्द्धत्न दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप,उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा आंनद सिंह राजपुरोहित के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन तथा राकेश यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, 165 वाहिनी सीआरपीएफ, निखिल राखेचा अतिरिक्त. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, तोमेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा,मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन संचालित ''नियद नेल्ला नार'' योजना के तहत बेहतर मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट सुविधा प्रदान करने हेतु सुरक्षा कैम्पों के आस-पास ग्रामों में जियो के नवीन टॉवर स्थापित किये जा रहे है।इस योजना के तहत जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ''कुंदेड़'' में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से दिनांक 20.07.2024 को नवीन स्थापित मोबाईल टॉवर से जियो 4 जी मोबाईल नेटवर्क का सुविधा प्रारम्भ किया गया। मोबाईल कनेक्टीविटी षुरू होने से कुंदेड़, जगरगुण्डा, उरसांगल, गोंदपल्ली, दुरनदरभा सहित आसपास के कई गांव लाभांवित होंगे, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रों में मोबाईल टॉवर लगने से स्कूली छात्रों को ऑनलाईन पढ़ाई करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे।

## टॉप वर्थ कंपनी रसमड़ा के सामने छमुमो का अनिश्चितकालीन धरना



**भिलाई, 24 जुलाई।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 जुलाई दिन मंगल वार को टॉप वर्थ कंपनी रसमड़ा के सामने बंद के दौरान का बकाया 15 महीने के वेतन की मांग लेकर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन धरना प्रारम्भ हुआ। जिसमे मुख्य रूप से मोर्चा अध्यक्ष भीम राव बागड़े, एजी कुरैशी, तुलसी देवदास, पुनाराम साहू, भोजराम साहू, डोमार साहू आदि मौजूद हैं।

## मौसमी, जलजनित, डायरिया और मलेरिया से बचाव के लिए रहें जागरूक:कलेक्टर

**धमतरी 25 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बारसात के मौसम में मौसमी बीमारियों, मलेरिया और डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने कहा। साथ ही डायरिया से बचाव और सावधानी के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही वनांचल क्षेत्र सहित मैदानी क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में डायरिया से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के टीम को कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल कौशिक ने मलेरिया और डायरिया से बचाव के लिए जिले में दीवार लेखन के जरिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही मितानिनों के माध्यम से घर-घर जाकर जिंक और ओआरएस के पैकेट मुहैय्या कराई जा रहीं हैं।

# शहर की अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा के निराकरण की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 25 जुलाई।** शहर की अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा के निराकरण की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंप शीघ्र निराकरण की माँग की है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि हमारा शहर डोंगरगढ़ लगातार विकास की ओर अग्रसर है। धर्मनगरी में आने-जाने वाले भारी वाहन, मालवाहक, दर्शनार्थी, पर्यटक सभी की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। चूंकि डोंगरगढ़ के मुख्यमार्ग में कुछ अनिवार्य सुविधाओं की आवश्यकता है, जो कि डोंगरगढ़ के नागरिकों एवं आने वाले सभी आगन्तुको का मार्ग प्रसस्त करेगी तथा दुर्घटना से सुरक्षा प्रदान करेंगी।

अनिवार्य आवश्यकतायें निम्नानुसार है। साइन बोर्ड :- खैरागढ़ से चिचोला मार्ग, नये अस्पताल के सामने, इण्डेन गैस एजेंसी के पास मुख्य मार्ग के सभी स्कूलो के सामने, गर्ल्स स्कूल रोड, हाईस्कूल सब्जी मंडी के सामने तहसील कार्यालय के पास,बोरतलाव थाना चौक ओवरब्रीज के पास, (डिवाइड रोड के लिए), मुरमुन्दा के पास, अंडरब्रीज के नीचे उक्त सभी बोर्ड में डोंगरगढ़ के मुख्य स्थानो का नाम अंकित किया जाए जैसे रेल्वे स्टेशन, मां बम्लेश्वरी मंदिर इत्यादि।

(2) स्पीड कंट्रोल बोर्ड :- शहर के सभी मुख्य स्थानो पर तथा राजनादगावं की ओर से आने वाले भारी वाहन मां बम्लेश्वरी मंदिर के सामने से गुजरते है, और गौशाला के समीप लगे पोल पर अटक जाते है, इसलिये इनका शहर में प्रवेश न हो, मुरमुन्दा से आने वाले वाहनो के लिये के लिये स्वागतम होटल के सामने तथा कालकापारा से आने वाले वाहनो के लिये नरेन्दर सॉ मिल के सामने वेरीकेट लगाया जाये।

(3) शहर के सभी मोड़ पर एवं सार्वजनिक स्थल पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

(4) मुख्य मार्ग पर सफेद पट्टी से मार्ग चिन्हांकित किया जाए।(5) भारी वाहन के दबाव के कारण तथा बरसात से हुए गढ्?ढे को भरा जाए। अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा के निराकरण की मांग करते शीघ्र अमल करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रकाश महानदी, बन्टी गुप्ता, तरुण फुले सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल गीदम कार्यसमिति की बैठक में तीन माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय



**गीदम, 25 जुलाई ।** भारतीय जनता पार्टी गीदम मण्डल की बैठक बुधवार को प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर ग्राम पंचायत झोडियाबाडम में बैठक आहूत की गई थी, जिसमे पार्टी द्वारा आगामी तीन महीनों की रूपरेखा कार्यक्रम तय कर दिया गया है जिसमें अंतिम बूथ तक कार्यक्रम करने की दिशा निर्देश दिया गया है, कार्यक्रम में भारत माता की जयकारा के साथ शुरुवात किया गया, इसके पश्चात महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, कार्यक्रम में राजनीति प्रस्ताव राकेश कुशवाह व राष्टपति के अभिभाषण अनिल जार्ज द्वारा पढ़ा गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद चौहान व मण्डल प्रभारी सुनीता भास्कर का आगमन हुआ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कश्यप द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष राकेश कुशवाह ,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा , पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल जार्ज , श्याम ठाकुर , पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुतान सिंह कुशवाह , पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, पूर्व जिला महामंत्री राजा गुप्ता , जनपद अध्यक्ष गीदम अन्ति वेक, नमिता पोडियाम सरपंच झोडियाबाड़म, मण्डल महामंत्री उरदो ठाकुर, शैलेश अटामी ,पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष दीपक वाजपेयी ,अजय साहू , विनोद साहू वरिष्ठ जग्गू राम अटामी, लक्ष्मीनाथ पोड़ीयाम, श्रीकांत राव, शक्ति केन्द्र के प्रभारी बूथ अध्यक्ष सचिव सहित वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## धमतरी शहर के प्रमुख मार्गों में वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड लगाए जाएं-कलेक्टर

**धमतरी 25 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने शहर के प्रमुख मार्गों में हल्के एवं भारी वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड (30 कि.मी. प्रति घंटा) लगाने तथा मुजगहन-आमदी मार्ग में दुर्घटना की संभावनाओं के मद्देनजर जगह-जगह हुए गड्ढ़ों की जल्द से जल्द मरम्मत करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने पुलिस और परिवहन विभाग को ओवर स्पीड वाहनों पर कार्यवाही करने कहा। साथ ही स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने वाले वाहनों की नियमित जांच, सहित प्रदूषण जांच, कंडम वाहन, प्रेशर हार्न, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, वाहन चालन के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग, नशा कर वाहन चालन सहित फिटनेस जांच की कार्यवाही करने कहा।

# नुक्कड़ नाटक,रैली,प्रभातफेरी निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जाएगा जागरूक



भिलाई, 24 जुलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय/चतुर्थ चरण के स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नागरिकों को जागरूक किये जाने यूवोदय की छात्राओं एवं महिला समूह की स्वच्छता दीदियों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम भिलाई द्वारा 22 से 31 अगस्त तक वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें वार्डो में रैली, नुक्कड-नाटक, स्त्रोत पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग हेतु जाकर जानकारी दी जायेगी। स्वच्छता में उत्कृष्ठ काम करने वाले नागरिको को प्रोत्साहन बेस्ट ऑफ वेस्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीरो वेस्ट कार्यक्रम को बढ़ावा देने, मलबों से उपयोगी चीजें बनाये जाने आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किये जायेगें। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के स्वच्छता विशेषज्ञों द्वारा डोर-टू-डोर स्वच्छता संग्रहण व एसएलआरएम केन्द्रों में संलग्न महिलाओं/ स्वच्छता दीदीयों तथा यूवोदय की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले चार अलग-अलग प्रकार के कचरे, सूखा, गीला, सेनेटरी वेस्ट तथा हेजार्डियस कचरे के निपटान, गीले कचरे से होम कम्पोटिंग तैयार करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु नागरिकों को जागरूक करने अभियान चलाने निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल केन्द्र के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे वे नागरिकों के माध्यम से पुराने कपड़े, जूते, किताबें और इस्तेमाल किये जा चुके प्लास्टिक वेस्ट का पुनः उपयोग या पुनर्नवीनीकरण कराने दिशा में योगदान दे सकें। इसी प्रकार वार्डो में स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग कर सामाजिक कार्यक्रमों में जीरों वेस्ट के माध्यम से कार्यक्रम करने जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत को निदान 1100 के टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर शिकायत दर्ज किये जाने, नागरिको को जागरूक करने कहा गया। व्यवसायिक क्षेत्रों में होटलों व रेस्टोरेंट से निकलने वाले गीले कचरे को ऑन साईट कम्पोस्टिंग करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने समझाइश देने व जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी दीप्ति साहू, सूडा से प्रीति राजपूत, मिशन मैनेजर अमन पटले व स्वच्छता विभाग के पीआईयू उपस्थित थे।

# एआईएसएफएआईवायएफ ने कलेक्टर को 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**सुकमा, 25 जुलाई।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन /ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के माध्यम से राष्ट्रीय व जिले की निम्नलिखित समस्याओं के बारे में तत्काल निराकरण करने की मांग किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ,जिलाध्यक्ष जितेश सोड़ी, ऑल इंडिया युथ फेडरेशन के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कश्यप, सचिव राजेश नाग के व्दारा कहा गया है कि विगत 18 - 20 जुलाई 2024 तक तीनो विकासखंडो में धरना के माध्यम से जिले के शैक्षणिक अव्यवस्थाओ को तत्काल निराकरण करने की मांग को लेकर आवेदन सौपा गया है आज जिला मुख्यालय मे समस्त स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावासों कि मूलभूत समस्याओ को तत्काल निराकरण करने रैली के माध्यम ज्ञापन सौंप 15 दिन के भीतर सुधार नही हुआ तो आगमी दिनों मे विशाल आदोलन का रूप लेगा इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी, ये ही हमारा चेतावनी है। 1. NEET की परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा लेने की गारंटी लो,2. NTA खत्म करो, 3. यह कि सुकमा जिले में वर्ष 2023 -24 की पोस्ट मैट्रिक भोजन सहायक राशि फरवरी, मार्च ,अप्रैल माह का भुगतान नहीं हुआ है तत्काल भुगतान किया जाने,4.सुकमा जिले के स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावासो, में आवेदित सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाने,तथा सीटों की वृद्धि किया जाने,5. यह की सुकमा जिले के सभी पोटाकेबिन, आश्रम, छात्रावासो में नियम अनुसार आदिवासी अधीक्षकों की नियुक्ति किया जाने, यहां भी जानकारी मिल रहा है कि पोटाकेबिन, आश्रम व छात्रावासो में मोटी रकम लेकर मनचाहा अधीक्षकों की नियुक्ति किया जा रहा है इसे तत्काल रोका जाने, 6. यह कि सुकमा जिले के सभी पोटाकेबिन, आश्रम, छात्रावासो में छात्रों की मेष चार्ज प्रतिमाह सूचना पटल पर चस्पा किया जाने नियम अनुसार इसका पालन किया जाने,7. सुकमा जिले के समस्त स्कूल ,आश्रम, पोटाकेबिन व छात्रावासो में मूलभूत समस्या जैसे -खाट, गद्दा, चादर ,मच्छरदानी, टेबल, कुर्सी, पानी, बिजली व अन्य मूलभूत समस्याओं को दुरुस्त किया जाने तथा जर्जर स्कूल ,आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन भवन व शौचालय को अभिलंब मरम्मत किया जान 8. सुकमा जिले के समस्त स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन व छात्रावासो में छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह कम से कम दो बार नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करना निवार्य किया जाने, तथा 100 सीटर से अधिक छात्राओं की संख्या की छात्रावास, आश्रम में स्टाफ नर्सो की नियुक्ति किया जाने,9.यह कि सुकमा जिले मुख्यालय में स्थित सभी पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक बालक -बालिका छात्रावासों की सीट वृद्धि कर 150 से 200 सीटर तक स्वीकृत किया जाने तथा ब्लॉक मुख्यालय में 100 से 150 सीटर किया जाने, 10. यह कि पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास गादीरास पिछले वर्ष से ही जर्जर व क्षतिग्रस्त अवस्था में है, शिकायत के बावजूद भी विभागीय जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही के कारण आज पर्यन्त तक मरम्मत कार्य नहीं हुआ है, इस कारण अध्यनरत छात्र को काफी परेशानी हो रही है यह भवन को तत्काल मरम्मत किया जाने,11. यह कि गादीरास में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का भवन नहीं है, तत्काल भवन बनाया जाने तथा 50 सीटर कन्या छात्रावास को सीट वृद्धि कर 100 सीटर किया जाने, 12. यह कि सुकमा जिले के शासकीय हाई स्कूल कोर्रा में 11वीं 12वीं कक्षा तक अध्ययन के लिए उन्नयन किया जाने, तथा बालक-बालिका प्री मैट्रिक छात्रावास खोला जाने,13. यह कि जिले के केरलापाल में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास ,प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास खोला जाने तथा प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में 100 सीटर किया जाने, 14. यह कि सुकमा जिले के झापरा में 11वीं 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए पोस्ट मैट्रिक बालक व कन्या छात्रावास खोला जाने, 15. यह कि सुकमा जिले के गोंदपल्ली कन्या आश्रम वर्तमान में गादीरास केनेंडीरास में संचालित हो रहा है पुनः मूल संस्था गोदपल्ली में वापस लाया जाने,तथा गोंडेरास बालक आश्रम गोलागुड़ा में संचालित हो रहा है पुनः गोंडेरास में लाया जाने, 16. यह कि सुकमा जिले के बड़ेसट्टी में हाई स्कूल खोला जान ताकि कुछ क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए सुविधा बन सके, 17. यह कि तोगंपाल में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन अलग से व्यवस्था किया जाने तथा कुकानार में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास , पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास अभिलंब खोला जाने,18.यह कि वर्तमान में कन्या आश्रम कुमाकोलेंग तोगंपाल में संचालित हो रहा है, यह आश्रम को पुनः मूल संस्था कुंमाकोलेंग में लाया जाने, 19. यह कि तोगंपाल में महाविद्यालयीन छात्रों को आवासीय सुविधा दिया जाने, 20. यह कि तालनार में पोस्ट मैट्रिक बालक- बालिका छात्रावास खोला जाने ताकि क्षेत्र के अध्यनरत छात्र-छात्राएं रहकर पढ़ाई कर सके, 21. यह कि दोरनापाल में 100 सीटर कन्या छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास खोला जाने तथा पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का नवीन भवन निर्माण किया जाने 22. यह कि जगरगुंडा में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास ,पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोला जाने, 23. यह कि सलवा जूडूम के दौरान विस्थापित जगरगुंडा आश्रम वर्तमान में पोलमपल्ली में संचालित हो रहा है पुनः मूल संस्था जगरगुंडा में वापस लाया जाने,24.यह कि सलवा जुडूम के दौरान विस्थापित गंगलेर आश्रम मराईगुड़ा में,पालाचलमा आश्रम कुर्ती में संचालित हो रहा है पमनः मूल संस्था में लाया जाने, 25. यह कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थावार शिक्षक आवास की व्यवस्था किया जाने ताकि यहा रहकर नियमित रूप से बच्चों को पढ़ा सके,26. यह कि जिले मे स्कूल आश्रम, शालाओं , पोटाकेबिनों में शिक्षक शिक्षकों की कमी है, शिक्षकों की रिक्त पदों को तत्काल भरा जाने कि मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल ,मुख्यमंत्री,व शिक्षा मंत्री के नाम श्रीमान कलेक्टर को धरना व रैली के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन /ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के प्रतिनिधिगण उमेश मरकाम, पुनेम जोगा,करटम जोगा, कु. बुधरी माड़वी,भीमे करताम, गायत्री कुंजाम, गीता सोड़ी,ललिता मरकाम, मनबोध सोड़ी, करतम चिगा, देवा वेट्टी, संतोष कुरहामी सहित तोगंपाल, कोन्टा, दोरनापाल, कुकानार से बड़ी तादाद मे उपस्थित रहे।

## जिले की आधा दर्जन ग्राम पंचायतों की राशन दुकान समीपवर्ती राशन दुकानों के साथ सलंग्न

**सुकमा, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजधानी रायपुर से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में गत दिवस छपे खबर आधा दर्जन पंचायतों के राशन दुकानों में गरीबों को चार माह से राशन प्राप्त नहीं होने के संबंध में कलेक्टर श्री हरीस एस. द्वारा संज्ञान लेकर जांच कार्यवाही संस्थित किया गया है। वहीं कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा जिला सुकमा के द्वारा 15 जुलाई 2024 को जारी आदेश के तहत शासकीय उचित मुल्य दुकानों को निकटतम ग्राम पंचायतों में संलग्न किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में समीपवर्ती ग्राम पंचायतों के द्वारा संचालित शासकीय उचित मुल्य दुकानों के साथ-साथ सम्बन्धित शासकीय उचित मुल्य दुकानों का आगामी आदेश पर्यन्त के लिए संचालन हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत ग्राम पंचायत चिन्तलनार को ग्राम पंचायत मुकरम के शासकीय उचित मुल्य दुकान में , ग्राम पंचायत केरलापेन्टा को ग्राम पंचायत नागाराम के शासकीय उचित मुल्य दुकान में, ग्राम पंचायत कामाराम को ग्राम पंचायत मिलमपल्ली के शासकीय उचित मुल्य दुकान में, ग्राम पंचायत जगरगुण्डा को ग्राम पंचायत तारलागुड़ा के शासकीय उचित मुल्य दुकान में, ग्राम पंचायत गगनपल्ली को ग्राम पंचायत एर्राबोर के शासकीय उचित मुल्य दुकान में और ग्राम पंचायत रामाराम को ग्राम पंचायत डब्बाकोन्टा के शासकीय उचित मुल्य दुकान के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से संचालित किया जाएगा। जिससे सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के राशन कार्डधारी ग्रामीणों को इन राशन दुकानों को खाद्यान्न एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## बाल देखरेख संस्था के संचालन के लिए आवेदन 6 अगस्त तक

**सुकमा, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में बाल देखरेख संस्था विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का संचालन किया जाएगा, जिसके लिए इच्छुक अशासकीय संगठन या संस्था से 06 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाया गया है। महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 वर्ष से कम आयु के बालकों जैसे अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यर्पित, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले आदि बालकों को संरक्षण प्रदान किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों और जिले में बाल देखरेख संस्था के संचालन हेतु इच्छुक, अशासकीय संस्था/संगठन द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन सुकमा जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (संयुक्त कार्यालय, प्रथम तल कक्ष कमांक-46 महिला एवं बाल विकास विभाग कुम्हाररास जिला सुकमा) के समक्ष आवेदन निर्धारित तिथि 06 अगस्त 2024 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट कोरियर के द्वारा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र प्रारूप एवं आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी, विभाग की वेबसाइट 222.ष्द्र2ष्म्र.द्दश्1.द्बठ्ठ एवं 222.ष्द्बह्वद्मद्व.द्दश्1.द्बठ्ठ में उपलब्ध है। अन्य जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री जितेन्द्र सिंह बघेल के दूरभाष क्रमांक 90392-57016 पर सम्पर्क किया कर सकते हैं।

## भारतीय वायु सेना के लिए आवेदन 28 जुलाई तक

**सुकमा, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती हेतु अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। अग्निवीर वायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन प्रारंभ हो गई है जिसकी अंतिम तिथि 28 जुलाई 2024 निर्धारित है। कम्प्यूटर परीक्षा 18 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होगी। अग्निवीर वायु हेतु अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 (दोनों तिथियों सम्मिलित) के मध्य हुआ हो। आवेदक केन्द्रीय , केन्द्रशासित , राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमिडिएट 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में कुल योग का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। पुरुष आवेदकों की न्युनतम ऊंचाई 152.5 सेंटीमीटर एवं महिला आवेदकों की न्युनतम ऊंचाई 152 सेंटीमीटर होना आवश्यक है। आवेदक का वजन, ऊंचाई एवं उम्र के अनुरूप होना आवश्यक है। पुरूष आवेदकों हेतु सीना 77 सेंटीमीटर तथा 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यक है। महिला आवेदकों हेतु सीना, शारीरिक बनावट के अनुरूप तथा 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यक है।

अग्निवीराय हेतु पंजीयन के लिए आवेदक स्वयं अथवा किसी भी च्वाईस सेंटर के माध्यम से द्धह्लह्लश्चह्य://ड्डद्दठ्ठद्बश्चड्डह्लद्ध1ड्ड4ह्व.ष्ड्डष्.द्बठ्ठ पर जाकर पंजीयन किया जा सकता है। इसके अलावा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, सुकमा में भी पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

## मक्के की फसल में फॉल आर्मी वार्म कीट की पहचान व प्रबंधन के उपाय

**सुकमा, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में कृषक भाईयों खरीफ फसलों की तैयारी कर रहें है। वहीं कुछ कृषक अपने खेतों में मक्के की बुआई कर चुके हैं। बारिस के मौसम के कारण मक्के के फसलों में लगे फॉल आर्मी वार्म की चिंता किसानों को सताने लगी है। फसलों में लगे इस कीट से निजात पाने के लिए कृषक मित्रों ने इसकी सूचना कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि विशेषज्ञों को दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको द्वारा सुकमा विकासखंड. के ग्राम - मुरतोण्डा, रामपुरम, मुयापारा, पेरमापारा, सोनाकुकानार का मैदानी भम्रण के दौरान मक्का के खेतो का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि फॉल आर्मी वार्म कीट की इल्ली का आक्रमण सर्वाधिक था। कृषि विज्ञान केन्द्र के पौध रोग विज्ञान विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, चिराग परियोजना के एस. आर. एफ. श्री यामलेश्वर भोयर व श्री इंद्रपाल साहू ने किसानों को क्षतिग्रस्त फसलों में कीट के लक्षण की पहचान बताते हुए कहा कि फॉल आर्मी वार्म मुख्य रूप से अमेरिका में मक्का व अन्य फसलों पर पाया जाने वाला कीट है, जिसका वैज्ञानिक नाम स्पोडोप्टेरा फ्रूजीपरडा है, जो कि लेपिडोप्टेरा गण में नोक्टुइड़े परिवार का कीट है। उन्होंने बताया कि मक्के में 25-30 दिन की अवस्था इस कीट का आक्रमण दिखाई देता है। वहीं 30-45 दिन की अवस्था मे इस कीट का अधिक प्रकोप दिखाई देता है। इसकी छः अवस्थाएं होती है। इसके इल्ली के सिर पर वाय आकार का सफेद चिन्ह एवं शरीर पर काले धब्बे होते हैं। ऊपर के 8 वें खंड पर चार काले रंग के धब्बे वर्ग के रूप में होते हैं। विशेषज्ञों ने इस कीट का प्रकोप का प्रबंधन किसानों को बताते हुए कहा कि बीज बुआई से पहले बीजों को रासायनिक कीटनाशक साइट्रानिलिप्रोल 19.8 प्रतिशत एवम् थियामेथोक्साम 19.8 प्रतिशत एफ एस का 6 मिली. प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करने से अंकुरण के 20-25 दिन तक पौधे को इस कीट से बचाया जा सकता है। सर्वेक्षण में ये भी पाया गया कि किसान बिना किसी कृषि विशेषज्ञ की सलाह से ही कीटनाशक का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे है। उन्हे सलाह दी गई कि किसान कृषि विशेषज्ञ की सलाह से ही कीटनाशक का प्रयोग करे। इल्ली के प्रभावी नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवा का पौधे के गोभ में जाना आवश्यक है, क्योंकि इल्ली गोभ में छुपकर खाती है। अतः संक्रमण अधिक होने पर निम्नलिखित रासायनिक कीटनाशको का छिड़काव करना चाहिए -क्लोरेट्रांनिलिप्रोएल 18.5 एस. सी., 0.4 मिली प्रति लीटर पानी या स्पिाईनटोरम 11.7 प्रतिशत एस. सी. 0.5 मिली प्रति लीटर पानी या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस जी 0.4 ग्राम प्रति लीटर पानी की सिफारिश की जाती है। वहीं मक्का की बाली आने की अवस्था में रासायनिक कीटनाशकों को बदल-बदल कर छिड़काव करने से फॉल आर्मी वार्म कीट प्रकोप का नियंत्रण किया जा सकता है।

## प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन 6 अगस्त तक

**धमतरी 25 जुलाई ।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग श्री दिलीप हरदाहा ने पात्र अभ्यर्थियों से आगामी 6 अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट 222.ह्लद्धड्डद्ब.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# विकसित भारत के लिए बजट, हर वर्ग को मिलेगा लाभ:योगेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 25 जुलाई।** मंगलवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी एनडीए की सरकार का पहला बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सातवीं बार बजट पेश किया। बजट को लेकर महासमुंद के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत का सपना साकार करने वाला बजट है। देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट बनाया गया है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरे केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं।मीडिया को जारी बयान में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय बजट का आकार हर साल बढ़ रहा है। इससे देश विकास की राह में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान बजट पर उन्होंने कहा कि इस बार भी सभी वर्गों के विकास के अनुसार ही बजट पेश किया गया है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5त्र के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के बाकी स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। पिछले बजट से यह 32त्र ज्यादा है। नौकरियों और स्किल ट्रेनिंग से जुड़ी 6 स्कीम्स का ऐलान किया गया है। युवाओं को हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक लोन दिया जाएगा। इस लोन पर सालाना ब्याज का 3त्र पैसा सरकार देगी। इससे शिक्षा में आर्थिक बाधा नहीं होगी, हर वर्ग के बच्चें उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। टॉप 500 कंपनियों में हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप मिलेगा। इंटर्नशिप के दौरान हर महीने 5 हजार रुपए स्टाइपेंड भी मिलेगा। इससे युवाओं के बेरोजगारी दर में कमी आएगी। एक लाख रुपए तक की मासिक सैलरी वाली पहली नौकरी पर ईपीएफओ रजिस्ट्रेशन होते ही 3 किश्तों में 15 हजार रुपए की मदद सरकार द्वारा की जाएगी। यह रकम डीबीटी के जरिए सीधे कर्मचारी के ईपीएफ अकाउंट में ट्रांसफर होगी।

### अन्नदाताओं के लिए बढ़ा बजट, मिलेगा लाभ

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है। इसलिए हमारी सरकार किसानों के लिए लगातार नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। इस बार किसानों के लिए बजट 27 हजार करोड़ रुपए बढ़ा है। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का ऐलान किया गया है।

### युवा कारोबारियों के लिए बढ़ा मुद्रा लोन

युवा कारोबारियों के लिए केंद्र द्वारा मुद्रा लोन को दोगुना किया गया है। पहले 10 लाख रुपए तक लोन दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया गया है। इससे युवा कारोबारियों को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में मदद मिलेगी। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### महिलाओं को सशक्त करने वाला बजट

बजट में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ उनके सशक्तिकरण और स्किलिंग पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने महिलाओं और लड़कियों के लिए कुल 3 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। विभिन्न मंत्रालय मिलकर अगले एक साल यह राशि खर्च करेंगे। सरकार का जोर महिलाओं को विशेष स्किल में प्रशिक्षित करना है। इसके लिए इंडस्ट्री के साथ मिलकर वर्किंग वुमन हॉस्टल और क्रेच बनाए जाएंगे। वहीं सरकार महिलाओं के कौशल विकास के लिए विशेष स्किलिंग प्रोग्राम चलाएगी। इसके अलावा महिला स्व सहायता समूहों को बाजार में अपने उत्पाद बेचने में भी मदद करेगी।

### गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन

सरकार ने बजट में गांवों और गरीबों से जुड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस रखा है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए बजट में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को 2.05 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके अंतर्गत देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जाता है। इस योजना को सरकार ने पहले ही 5 साल के लिए बढ़ा दिया था। इससे गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिलेगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 11.11 लाख करोड़ आवंटित

बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इनमें सड़कें, औद्योगिक क्षेत्र और पूर्वोदय स्कीम के तहत बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश किए जाने वाले इन्फ्रा प्रोजेक्ट शामिल हैं। पूर्वोदय स्कीम उक्त पांच राज्यों को कवर करते हुए सभी पूर्वी राज्यों के लिए है।

### अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं व घोषणाएं

पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 1 करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों के लिए घर बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकार 10 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेगी। पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ से अधिक घरों में 300 यूनिट सोलर बिजली फ्री मिलेगी।

---

**एक नजर**

## ज्ञान ज्योति में गुरु पूर्णिमा मनाई गई



**महासमुंद,25 जुलाई ।** ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर महासमुंद द्वारा विद्यालय में गुरू पूर्णिमा का कार्यकम बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यकम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष माधवराव टांकसाले ने की। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर के तथा प?द्मावति टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रभारी द्वय ने सरस्वती माता के चित्र पर प्रज्जवलित कर मार्यापण किया तत्पश्चात छात्रों द्वारा ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला तथा प?द्मावति टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों का गुलाल लगाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। अध्यक्ष माधव राय टांकसाले ने गुरू के महत्व को बताते हुए वेद व्यास के जीवन पर प्रकाश डाला तथा भगवान श्रीराम तथा भगवान श्रीराम की गुरु से जुड़ी हुई प्रसंग को बताया । अंत में स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षिका अंजली सिन्हा (प्रभारी) ने आभार व्यक्त किया ।

## आदिवासी युवक के उत्पीड़न की सर्व आदिवासी समाज ने की निंदा



**बीजापुर,25 जुलाई।** भैरमगढ़ के आदिवासी युवक को जान से मारने की धमकी और जाति सूचक अपमान जनक गाली देने के मामले की सर्व आदिवासी समाज ने निंदा करते हुए दोषी पर एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी ने बताया कि जिले के भैरमगढ़ के बोरिंग पारा निवासी आदिवासी युवक प्रकाश पांडे पिता फूलचंद पांडे को बीते 16 जुलाई को भैरमगढ़ निवासी अजय सिंग द्वारा उसके निजी स्वामित्व की जमीन जिसे उसने लीज पर खनिज भंडारण के लिए दिया है को अपमान जनक जाति सूचक गाली के साथ मारपीट की कोशिश की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान उसके साथ हथियारबंद सुरक्षा गार्ड भी थे। जिसके कारण पीड़ित आदिवासी युवक डरा हुआ है। मामले की शिकायत भैरमगढ़ थाने में किए जाने के बाद भी अभी तक आरोपी अजय सिंह पर कार्रवाई नहीं की गई है आदिवासी समाज के नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री का आदिवासी होना हम सभी के लिए गौरवान्वित होने का अवसर है किंतु इसी राज्य के अंतिम छोर में आदिवासियों के उत्पीड़न की घटनाएं आम होती जा रही है। हमारी सीएम विष्णुदेव साय जी से मांग है कि ऐसी घटनाओं पर शीघ्र अंकुश लगाया जाए तथा गुंडा तत्वों पर तत्काल करवाई करते हुए अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को न्याय दिया जाए। गुंडा तत्वों पर कार्रवाई नहीं होने की दशा में सर्व आदिवासी समाज विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## सेजेस कोतरा में खेल और फिटनेस के महत्व पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रायगढ़, 25 जुलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मूल भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी तरसिला एक्का, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी आलोक स्वर्णकार के नेतृत्व में प्राचार्य जे.एल. नायक के मार्गदर्शन में खेल और फिटनेस के महत्व पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें चारों हाउस, अरपा, शिवनाथ, महानदी, इंद्रावती के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अरपा हाउस के विद्यार्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में व्याख्याता विमला भगत एवं व्याख्याता सीताराम गुप्ता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ व्याख्याता विजय कुमार प्रधान ने खेल के महत्व का जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल और फिटनेस खेल खेलना आम तौर पर आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपका मन और मानसिक स्वास्थ भी बेहतर रहता है। दरअसल खेल जैसे गतिविधियां आपके ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करती हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है। कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता बीर सिंह ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता श्यामा पटेल, नीलू भारद्वाज, अनीता रजनी एक्का, आशु खूंटे, माधुरी नायक एवं सभी का योगदान सराहनीय रहा।

## स्थायी लायसेंस परीक्षण कार्य होगा सप्ताह में तीन दिन

**रायगढ़, 25 जुलाई।** जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ द्वारा स्थायी लायसेंस परीक्षण के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। अब से स्थायी लायसेंस परीक्षण का कार्य सप्ताह में सिर्फ तीन दिन होगा।

जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्थायी लायसेंस के स्लॉट के कार्य को परिवर्तित कर स्थायी लायसेंस परीक्षण का कार्य सप्ताह में तीन दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10 बजे दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। आवेदक उक्त दिवस में स्वयं का वाहन लेकर स्थायी लायसेंस के परीक्षण हेतु शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में उपस्थित हो सकते है।

---

# विधानसभा घेराव में शामिल नपाध्यक्ष धक्कामुक्की में हुई घायल



महासमुंद। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने गई महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग धक्का-मुक्की में घायल हो गई। नेताओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगाया गया लोहे का एक बेरिकेड्स उनके दाहिने पैर पर गिर गया और वह घायल हो गई। हालांकि वे घायल अवस्था में आंदोलन में डटी रही और समाप्ति के बाद उपचार कराकर वापस महासमुंद लौट घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही है। ज्ञात हो कि छग राज्य में बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यवस्था, नकली बीज, अमानक खाद विक्रय समेत अन्य मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार 24 जुलाई को विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। तयशुदा कार्यक्रम के तहत आंदोलन शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम में महासमुंद नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने सरकार के केवल 6 महीने के कार्यकाल कोसते हुए कहा कि कृषि, कानून व्यवस्था आदि सभी क्षेत्रों में सरकार की नाकाम साबित हुई है। राज्य के जनमानस की अपेक्षाओं पर खरे ना उतरने पर सरकार की निंदा की। संबोधन बाद विधानसभा मार्च पर नपाध्यक्ष ने बेरिकेट लांघने की कोशिश करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा नपाध्यक्ष के साथ धक्का-मुक्की की गई। धक्का मुक्की में हुए भगदड़ के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमति महिलांग दाहिने पैर में चोट लगी जिसके चलते उन्हें सहारे से मंच स्थल तक लाया गया। आंदोलन पश्चात निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा गया। नपाध्यक्ष ने उक्त शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर राज्य शासन द्वारा किए गए पानी बौछार व अन्य रुकावट को जमकर कोसते हुए कहा कि जिस राज्य में मातृ शक्ति सुरक्षित नही है व लोकतंत्र में विपक्षियों के प्रदर्शन को कुचला जाता वह सरकार राम राज्य व विकास के बड़े दावे करती है जबकि दावो के धरातल की सच्चाई कुछ अलग ही है। श्रीमति महिलांग ने कहा कि सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के खिलाफ कांग्रेसजनों का जनहित यह आंदोलन पूरे राज्य में शांतिपूर्ण रूप से जारी रहेगा। नपाध्यक्ष श्रीमति महिलांग के साथ प्रदर्शन करने वालो में प्रमुख रूप से अरिश अनवर, नीरज परोहा, ईशा टंडन, सोनम रामटेके, सगनजोत सिंघ, रोहित गुरुदत्ता, सोहेल खान, यश चावला, मेहुल, पूरब देवांगन, लता चंद्राकर, माया पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में समर्थक नपाध्यक्ष के साथ शामिल हुए।

## 26 जुलाई को धरमजयगढ़ में लगेगा लर्निंग लायसेंस के लिए शिविर

**रायगढ़, 25 जुलाई।** लर्निंग लायसेंस बनाये जाने के लिए 26 जुलाई 2024 को धरमजयगढ़ के शासकीय आर्ट्स, साइंस एवं कॉमर्स कालेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। आवेदक लर्निंग लायसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मार्कशीट व पेनकार्ड के साथ उपस्थित हो सकते है। जिसके लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाईन आवेदन हेतु शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी तरह परिवहन विभाग को ऑनलाईन फीस/टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लायसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्कैनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये तथा ऑनलाईन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आऊ ट शुल्क प्रति पेज 5 रुपये निर्धारित किया गया है जो सुविधा केन्द्र को देय होगा।

# नक्सल पीड़ित परिवारों के परिजनों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

**बीजापुर,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सली हिंसा में मृतक के परिजनों को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुई।जिसमें कुल 58 पात्र आवेदकों को प्रथम चरण में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। पूर्व में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 19 जुलाई तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। जिसे तिथि में पुनः वृद्धि करते हुए 24 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई। उक्त तिथियों में प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए समिति के निर्णय के आधार पर विभिन्न विभागों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति हेतु अंतिम रूप से 58 आवेदक प्रथम चरण में पात्र पाए गए हैं, 2015 के बाद यह नियुक्ति दी जा रही है।30 अगस्त को आवेदकों की कौसलिंग इन्द्रावती सभाकक्ष में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने आवश्यक जानकारी दी।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, डीईओ श्री रमेश निषाद, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, पुलिस उप अधीक्षक श्री तुलसीराम लेकाम, सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी, सहायक आयुक्त आदिवासी डॉ. आनंद सिंह, सहित जिला पुनर्वास समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



# अजय सिंह पर माता मराई महार समाज के अध्यक्ष ने लगाया गालीगलौज का आरोप

■ भैरमगढ़ में लगने वाली क्रेशर मशीनों में आग लगाने की दी धमकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 25 जुलाई।** भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह पर माता मराई महार समाज व ठेकेदार एसोसिएसन के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर ने उन्हें जातिगत गाली गलौज देने का बड़ा आरोप लगाया है। इतना ही नहीं अजय सिंह द्वारा भैरमगढ़ में लगने वाले चंद्राकर के क्रेशर प्लांट को आग लगाने तक कि धमकी दी है। सुरेश चंद्राकर ने इस मामले में समाज की तरफ से कलेक्टर को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की मांग की हैं। वही उन्होंने अजाक थाना में एफआईआर के लिए आवेदन देने की बात भी कही हैं। सुरेश चंद्राकर ने कहा है कि इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है ,तो समाज व ठेकेदार संघ कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। जय माता मराई महार समाज व बीजापुर जिला ठेकेदार एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर ने अपने निवास में पत्रवार्ता लेकर अजय सिंह पर आरोप लगाया कि भैरमगढ़ में उनका क्रेशर प्लांट लग रहा है। क्रेशर मशीनों को स्थापित करने इंजीनियर व स्टाफ रोज की तरह काम कर रहे थे। इसी बीच दोपहर 3 से 3.30 बजे के करीब अजय सिंह अपने 10 से 15 साथियों के साथ वहां आकर शिफ्टर मशीनों के पास पहुंचे और गाली गलौज देते हुए कहने लगे, कि कौन ये मशीनों को लगा रहा है। किसके परमिशन से यहां क्रेशर खुला है। तुरंत ये मशीन लेकर जाओ वरना मशीन के साथ वहां मौजूद लोगों को जला देने की धमकी दी। पत्रकारों को सुरेश चंद्राकर ने आगे बताया कि ये सुनकर शिफ्टर गाड़ियों के ड्राइवर हेल्पर व नई मशीनों के ऑपरेटर डरकर क्रेशर कम्पाउंट के तरफ भाग गए। उनके पीछे अजय सिंह व उनके 10 से 15 साथी जो हाथ में लाठी, डंडा व बंदूक रखे थे, ये क्रेशर कम्पाउंट में घुस गए, और कम्पाउंट के अंदर मेरे भाई दिनेश चंद्राकर को जातिगत गाली गलौज करते हुए मेरे जाति को लेकर मुझे भी अपशब्द कहे। सुरेश चंद्राकर ने कहा कि उस समय वही पास खड़े क्रेशर के मुंशी पांडे को भी जातिगत गाली गलौज करते हुए कहा कि दो पैसे क्या मिलने लगा किसी के भी नौकर बन गए। पत्रवार्ता में सुरेश चंद्राकर ने अजय सिंह द्वारा गाली गलौज करने व मार कर उल्टा लटका देने की बात का वीडियो भी जारी किया हैं। जय माता मराई महार समाज के अध्यक्ष ने पत्रवार्ता में कहा कि अजय सिंह द्वारा दी गई गाली गलौज से मेरे आत्मसम्मान, मेरे परिवार व मेरे समाज को गहरा ठेस पहुंचा है, जो समाज अपमानित महसूस कर रहा है। चंद्राकर ने मांग की है कि अजय सिंह पर ठोस कार्यवाही होनी चाहिए और भविष्य में मेरे परिवार को किसी भी प्रकार की क्षति होती है, तो इसकी जिम्मेदारी अजय सिंह और उनके साथियों की होगी। पत्रवार्ता के बाद सुरेश चंद्राकर ने समाज के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर से मिलकर घटना की जानकारी दी और कार्यवाही करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा। इधर भाजपा नेता अजय सिंह ने वीडियो के माध्यम से अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सुरेश चंद्राकर के आरोप निराधार व तथ्यहीन है। मेरे द्वारा किसी भी तरह का जातिगत गाली गलौज नहीं किया गया है। अजय सिंह का कहना है कि सुरेश चंद्राकर को इस बात का अंदेशा हो गया है कि उनका भैरमगढ़ में स्थापित होने वाला क्रेशर प्लांट कही न कही नियम विपरीत है। उन्होंने शासन को गुमराह करके प्लांट लेने का प्रयास किया हैं। इसकी विधिवत शिकायत मेरे द्वारा किया जाना है। उन्होंने कलेक्टर व एसपी को आवेदन देकर उन पर लगे झूठे आरोप का मुकदमा दर्ज करवाने की बात कही है।

# बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को बाढ बचाव दल ने सुरक्षित नदी पार कराया



**बीजापुर,25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पिछले कुछ दिनों से जिले मे लगातार भारी बारिश हो रही है इससे जिले के क ई नदी नाले उफान पर है ऐसे ही एक सूचना पर बाढ बचाव दल ने गंगालूर क्षेत्र के रेडडी गांव के जारगोया नदी मे बाढ मे फंसे तीन ग्रामीणों को मौके पर पहुंच कर नदी से सुरक्षित बाहर निकाला तीन ग्रामीणों मे एक छात्र भी बाढ मे फंसा था सुरक्षित नदी पार कराये जाने पर ग्रामीणों ने बाढ बचाव दल का आभार जताया और धन्यवाद दिया । यहां बतादे जिले मे क ई ऐसे. नदी नाले है जहाँ पुल नहीं बना है ऐसे सिथति के चलते ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर नदी पार करते है खास कर ये सिथति बारिश के दिनो मे ही उत्पन्न होती है

## खरीफ फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बीजापुर 25 जुलाई।** उप संचालक कृषि श्री पीएस कुसरे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं कुटकी का बीमा करा सकते हैं। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।किसानों के फसल को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। बीमा करने हेतु कृषक संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विभाग के जिला अथवा विकासखण्ड मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## जिले में अब तक 1059.0 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर 25 जुलाई।** जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 1059.0 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1313.2 मिमी. औसत वर्षा भैरमगढ़ में दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक बीजापुर तहसील 1252.4 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ तहसील में 1313.2 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 1010.2 मिमी. वर्षा, उसूर में 707.6 मिमी. वर्षा, कुटरू में 1206.2 मिमी. वर्षा एवं गंगालूर में 864.5 वर्षा दर्ज की गई है।

## स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों की भर्ती के लिए अनंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 25 जुलाई।** रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-02, ड्रेसर ग्रेड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पुरुष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्रों की दावा-आपत्ति निराकरण के बाद अनंतिम मेरिट सूची जारी की गई है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को कार्य अनुभव का बोनस/अनुभव अंक प्रदान किया गया है। जिसके उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की दावा-आपत्ति हेतु पदवार पृथक-पृथक अनंतिम संशोधित मेरिट सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

# जावेद खान को सीएमओ कोतबा का मिला अतिरिक्त प्रभार

### चुनाव में लापरवाही को लेकर बसंत बुनकर किए गए थे निलंबित



**पत्थलगांव, 25 जुलाई।** नगर पंचायत पत्थलगांव मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर रहने वाले मो.जावेद खान को कोतबा नगर पंचायत का अतिरिक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है। छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से मिले आदेशानुसार जावेद खान को कोतबा नगर पंचायत के सी.एम.ओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दरअसल इनसे पूर्व कोतबा नगर पंचायत मे बसंत बुनकर काबिज थे,2024 लोकसभा चुनाव के दौरान बसंत बुनकर को निर्वाचन कार्य का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया था,जिसका निर्वहन वे नही कर पाये। उन्होने निर्वाचन कार्य के दौरान बगैर सक्षम अधिकारी को सूचना दिये एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण राज्य शासन ने सेवा शर्ते 2017 के नियम 33 के अंतर्गत उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है,जिसके कारण इन दिनो बगैर अधिकारी के कोतबा नगर पंचायत मे होने वाले जनहित के कार्यो पर ब्रेक लग गया था,जिसे देखते हुये राज्य शासन ने पत्थलगावं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी जावेद खान को इस पद पर नियुक्त किया है। मो.जावेद खान पत्थलगांव एवं कोतबा दोनो नगर पंचायत का कार्यभार संभालेंगे।

## जिले में 356.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 25 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 जुलाई तक 356.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 401 मिली मीटर, पुसौर में 401.2, खरसिया में 296.4, घरघोड़ा में 374.4, तमनार में 289.3, लैलूंगा में 329.2, मुकडेगा में 393.8, धरमजयगढ़ में 282.2 छाल में 374.7 एवं कापू में 423 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# वित्त मंत्री चौधरी की पहल पर रायगढ़ शहर में 3.14 करोड़ के सड़कों के काम स्वीकृत

**रायगढ़, 25 जुलाई।** प्रदेश के वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ शहर में सड़कों के निर्माण के 3.14 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग से मिली है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों की मांग को पत्र लिखकर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के समक्ष रखा था। जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी चौधरी की पहल पर रायगढ़ शहर के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। वित्त मंत्री श्री चौधरी के निर्देश पर शहर में डामरीकृत सड़कों के निर्माण पर फोकस किया है। जिससे शहर के भीतर लोगों को आवागमन के लिए सुंदर और सुगम सड़कें मिलें। इसके साथ ही रायगढ़ में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी अधोसंरचना विकास को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिससे शहर में सभी वर्गो की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं जल्द विकसित की जा सके। जिन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है वे डामरीकृत सड़कें होंगी। इसमें 1 करोड़ 8 लाख 42 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 21 सर्किट हाऊस से हाऊसिंग बोर्ड तक बीटी रोड, इसी तरह वार्ड क्रमांक 27 अतरमुड़ा से मंगल भवन तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 83 लाख 51 हजार रुपये, वार्ड क्रमांक 32 सर्वेश्वरी स्कूल से 25 एमएलडी एसटीपी प्लांट एवं गीता ट्रेडर्स से बांझीनपाली तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 78 लाख 53 हजार रुपये एवं वार्ड क्रमांक 17 हण्डी चौक से अनाथालय होते हुए नीलांचल भवन तक एवं गणेश मंदिर होते हुए बस स्टैण्ड तक बीटी रोड रिपेयरिंग कार्य हेतु 44 लाख 12 हजार रुपये शामिल है।

# 61 वृद्धों का राष्ट्रीय आयुष मिशन के पोर्टल में किया गया पंजीयन

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा में वृद्धों के लिये किया गया विशेष जिरीयाट्रिक कैंप का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 25 जुलाई।** संचालणालय आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ निकिता ध्रुव के मार्गदर्शन मे आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा मे वृद्धजनों के लिये विशेष जिरीयाट्रिक कैंप का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यअतिथि के आसंदी से जनपद सदस्य एवं सभापति कृषि प्रहलाद यदु ने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिये विभाग को धन्यवाद दिया एवं आयुष चिकित्सा पद्धति से सियान लोगो को होने वाले लाभ के बारे मे बताया ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के पूर्व सरपंच हेमलाल नेताम ने सम्बोधित करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को प्रथम चिकित्सा पद्धति के रूप मे अपनाने की अपील की साथ ही आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किये जा रहें प्रयासों की सरहना की ग्राम पटेल साधु राम निषाद ने सम्बोधित करते हुए कहाँ की जब से आयुर्वेद चिकित्सक डॉ ऐश्वर्य साहू की रेगुलर पोस्टिंग गाँव मे हुआ है तब से विगत 6 सालो उनसे अपने एवं अपने परिवारजनों का चिकित्सा उनसे करवा रहा हूँ और उनके आने से चिकित्सा के लिये मुझे कही बहार जाने के आवश्यकता नहीं पढ़ा है और वृद्धजनों से अपील किया की आप लोग भी उनसे चिकित्सा का लाभ अधिक से अधिक उठाये, शिविर प्रभारी डॉ ऐश्वर्य साहू ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया की शिविर मे आये सभी आयु के लोगो का निदान एवं उपचार किया गया साथ ही 61 वृद्धजनों का पंजीयन राष्ट्रीय आयुष मिशन के पोर्टल मे किया गया है वृद्धजनों के लाभ के लिये प्रत्येक गुरुवार को सियान जतन क्लिनिक का आयोजन किया जा रहा है जिसमे वृद्धावस्था मे होने वाले बीमारियों की विशेष चिकित्सा आयुर्वेद के माध्यम से किया जा रहा है शिविर मे वृद्धजनों के मनोरंजन के लिये डॉ प्रीति साहू द्वारा रनिंग बाल खेल का आयोजन किया गया जिसमे पुरुष वर्ग मे गणेशु राम और महिलाओं मे सावित्री बाई प्रथम रही जिन्हे श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया शिविर मे आये हुए अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ विनोद ठाकुर ने कहाँ कि भविष्य मे भी इस प्रकार के आयोजन विभाग द्वारा किया जावेगा जिसमे आपसभी का सहयोग और सहभागिता आपेक्षित है शिविर के समय मे बारिस होने से ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कैलास शुक्ला द्वारा वाहन का व्यवस्था किया जिससे वृद्धजनों को मितानिन के सहयोग से घर से शिविर तक लाया जा सका।



## समाचार संक्षेप

### बजट में दल्लीराजहरा से जगदलपुर 233 किमी रेल लाइन के लिए राशि का प्रावधान स्वागत योग्य : अमित चोपड़ा

**बालोद, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज बजट प्रस्तुत किया गया। बजट को लेकर भाजपा नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा जिला मंत्री अमित चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट देश के विकास को गति देने वाला बजट है। इस बजट में कृषि योजनाओं को और अधिक गति देने जो प्रावधान किए गए हैं उनका लाभ हमारे किसान भाइयों को मिलेगा भाजपा शहर मंडल कोषाध्यक्ष पंकज आहूजा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की वित्त मंत्री की दूरगामी सोच ने बजट को सर्वस्पर्शी बनाया है। इस बजट में बालोद जिला की महत्वपूर्ण मांग दल्ली राजहरा से जगदलपुर 233 किलोमीटर रेल लाइन के लिए बजट राशि का प्रावधान किया गया है। यह हम सभी के लिए बड़ी खुशी की बात है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास पर अधिक फोकस किया गया है। ग्रामीण विकास के लिए अधिक बजट का प्रावधान करके ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास सराहनीय है



**मुद्रा लोन की राशि में वृद्धि, युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मौका:** युवा नेता अजय बाफना ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने के प्रधानमंत्री का फैसला युवाओं को रोजगार देने को दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब 3 करोड़ और मकान बनाए जाने को बजट में शामिल करना गरीबों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

### देशवासियों की आकांक्षाओं का बजट विकसित भारत के संकल्प का पर्याय : श्याम बाई साहू

**कसडोल, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में सर्वांगीण, सर्वव्यापी तथा सर्व-समावेशी विकास के साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना की गई है। बजट में चार वर्ग गरीब, महिला, युवा और किसान का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, किसान और मध्यम वर्ग पर फोकस किया गया है। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं। 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को सीधा लाभ होगा। कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के उत्पादकता और अनुकूलनीयता पर 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए घर बनाये जाएंगे। मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई है। बजट में एम एस एम ई उद्यम के लिए वित्तीय पैकेज का घोषणा किया गया है। साथ ही एम एस एम ई सेक्टर को दबाव के दौरान बैंक ऋण आसानी से मिलता रहे इसके लिए क्रेडिट गारंटी योजना शुरू होगी। प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने बतलाया कि बजट में वित्त मंत्री ने 9 सूत्री योजना पेश करते हुए विकसित भारत के लिए कृषि में उत्पादकता, रोजगार एवं कौशल, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार और सुधार को प्राथमिकता में रखा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 5 सालों के लिए बढ़ाने के ऐलान से 80 करोड़ से अधिक लोगों को सीधा लाभ होगा। आगे उन्होंने कहा वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुश्किल दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, भारत में महंगाई दर करीब 4 फीसदी है। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा कि केंद्रीय बजट देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। उम्मीदों भरा यह बजट भारत को प्रगति की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगा।



## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए 7 अगस्त तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लवन एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के लिए भालूकोना आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-2 शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 7 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन जिला बलौदाबाजार- भाटापारा(छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/सामान्य डाक् के माध्यम से जमा कर सकते है।

### 29 जुलाई को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बलौदाबाजार, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 29 जुलाई 2024 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इन सुपेला भिलाई द्वारा फायर मेन 20 पद, योग्यता डिप्लोमा फायर सेफ्टी उत्तीर्ण, सेक्युरिटी सुपरवाइजर 50 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, ड्रायवर 10 पद, योग्यता दसवी उत्तीर्ण, हैवी लायसेंस एवं अनुभव 6 माह, सेक्युरिटी गार्ड 150 पद योग्यता दसवी उत्तीर्ण, होम केयर टेकर सर्विसेस 100 पद, योग्यता दसवी उत्तीर्ण, उम्र 19 से 40 वर्ष एवं वेतन 10 हजार से 18 हजार रूपये पद के अनुसार देय होगा, कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। एसबीआई लाईफइन्सुरेंस बलौदाबाजार द्वारा जीवन मित्र के 100 पद योग्यता दसवी, बारहवी उत्तीर्ण, उम्र 20 वर्ष, कमिशन बेस, डेवलोपमेंट मैनेजर 5 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं 2 वर्ष का अनुभव, उम्र 18 से 35 वर्ष एवं वेतन 18 हजार रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस द्वारा वार्किंग पार्टनर 25 पद योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, मार्केटिंग 15 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, एजेंट 60 पद, योग्यता बारहवी एवं स्नातक उत्तीर्ण, सेक्युरिटी गार्ड 50 पद, योग्यता आठवी से स्नातक उत्तीर्ण, सर्वेयर 25 पद योग्यता बारहवी से उच्च शिक्षा उत्तीर्ण, कम्प्युटर ऑपरेटर 2 पद योग्यता स्नातक, उम्र 18 से 55 वर्ष, वेतन कमिशन बेस से 14 हजार पद के अनुसार देय होगा।

### उड़नदस्ता ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 जिले क़े निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही है। हायर सेकेण्डरी परीक्षा 23 जुलाई से तथा हाई स्कूल परीक्षा 24 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों क़े उपयोग पर अंकुश लगाने, निरीक्षण व्यवस्था कों सुदृढ़ बनाने एवं परीक्षा क़े सफल आयोजन हेतु जिला, अनुभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय 7 उड़नदस्ता दल गठित किया गया है।

### ग्राम चिरईगोड़ी में खाद वितरण केन्द्र, लिमोरा में पुलिया निर्माण, करहीभदर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

# कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत ने विभिन्न गांवों में पहुँचकर बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 25 जुलाई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज बरसते पानी में जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर जिले में लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान आम जनता को खाद्यान, दवाई, शुद्ध पेयजल आदि अति आवश्यक चीजों के प्रबंध हेतु किसी भी प्रकार के परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी के उप खाद गोदाम में पहुँचकर वहाँ पर उपलब्ध खाद का अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम के कर्मचारियों से खाद की उपलब्धता एवं किसानों को वितरण के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उन्हें समय पर खाद बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करहीभदर में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में प्रतिदिन ईलाज हेतु आने वाले मरीजों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में ओपीडी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड में पहुँचकर वहाँ भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से ईलाज एवं अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों से वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों के प्रकोप बढ़ने की संभावना को देखते हुए पूरे समय सजग एवं सतर्क रहकर मरीजों की बेहतर ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में समुचित मात्रा में दवाई एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम लिमोरा में पहुँचकर पीपरछेड़ी-लिमोरा मार्ग में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता से निर्माण के प्रगति के संबंध में जानकारी ली और इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम दर्रा पहुँचकर देवरानी-जेठानी नाला में निर्मित पुल का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा कर बारिश के दौरान उत्पन्न हालात तथा इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# बजट से आत्मनिर्भर, विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा: चौधरी

## गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के विकास का नया अध्याय लिखेगा बजट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 25 जुलाई।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र की सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को गाँव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सर्वतोमुखी विकास का नया है।अध्याय निरूपित किया है। चौधरी ने कहा कि बजट प्रावधानों में ऐसा मिश्रण कम ही देखने को मिलता है, जहां एक तरफ गरीबी कम करने के उपाय हों, वहीं दूसरी तरफ मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने की बात भी हो। समाज के सभी वर्गों की मदद और उन्नति के लिए पर्याप्त प्रावधान के साथ-साथ ग्रामीण व शहरी विकास का अद्भुत संतुलन इस बजट में दिखाई दे रहा।भाजपा सांसद चौधरी ने ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए, कृषि क्षेत्र में उन्नति के लक्ष्य और सिंचाई के लिए 11, 500 करोड़ रुपए का प्रावधान करते हुए 109 फसलों पर फोकस करने के साथ-साथ दलहन, तिलहन और सब्जी की पैदावार पर नई घोषणाएं करके अन्नदाताओं की खुशहाली का पक्का इंतजाम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। चौधरी ने कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत का संकल्प केंद्र सरकार की आदिवासियों के उत्थान की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है, जिससे देशभर के 63 हजार गांवों के 5 करोड़ आदिवासी लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार ने युवाओं के रोजगार और कोशल उन्नयन 1 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और नए रोजगार पर 2 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है।चौधरी ने कहा कि गरीबों के लिए जहां मुफ्त राशन योजना जारी रखने की घोषणा की गई है, वहीं महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, सशक्तीकरण की संकल्पना को व्यापकता प्रदान कर केंद्र सरकार ने अपने प्रस्तुत बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए तीन लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करके नारी उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया है। लघु और मध्यम उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों का स्वागत करते हुए चौधरी ने कहा कि इससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। 3 करोड़ नए पीएम आवास और मजदूरों के लिए नई हाऊसिंग स्कीम की घोषणाओं के साथ ही केंद्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली, बाढ़ व जलभराव नियंत्रण जैस विषयों को भी बजट में शामिल कर समूचे देश के गांवों से लेकर बड़े शहरों तक की चिंता की है।टीडीएस के नियमों को सरल करने, आयकर में टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव और स्टैंडर्ड डिडक्शन में की गई बढ़ोत्तरी का स्वागत करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि अमृतकाल का यह बजट हर मायने में संतुलित और महत्वपूर्ण है। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि केंद्र के इस बजट प्रस्ताव की 9 प्राथमिकताएं हैं।इस बार के बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान, युवा पर बजट में फोकस किया गया है। एक ओर जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।



# शिविर में 60 से अधिक बुजुर्गों के नेत्रों की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुए समाज कल्याण विभाग बलौदाबाजार द्वारा संचालित वाटिका वृध्दाश्रम में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, आधार सेवा केन्द्र, जनपद पंचायत बलौदाबाजार एंव समाज कल्याण के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें कुल 121 वृध्दजन एवं दिव्यांगजन उपस्थित हुए। नेत्र संबधी 64 वृध्दजनों का जांच किया गया, जिसमें 05 नेत्र ऑपरेशन, 17 चश्मा, आंखों में खुजली, आंखो में पानी आना, आंखो में जाला नेत्र संबधी समस्यां एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए दवाईया भी प्रदाय की गई, तथा 12 वृध्दजनों का आधार कार्ड, एवं 05 वृध्दजनों को छड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अधिकारी, जनपद पंचायत के समाज शिक्षा संगठक, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार सेवा केन्द्र, के कर्मचारी एवं सचिवगण उपस्थिति रहे।





**कार्यालय जोन क्रमांक–3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 21/न.पा.नि./जोन-03/2024-25 रायपुर, दिनांक 24.07.2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 08.08.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 12.08.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 16.08.2024 कार्यालयीन समय 4:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 16.08.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समया-वधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत स्थित सामुदायिक /सार्वजनिक शौचालय (सी.टी./पी.टी.) में आवश्यक मरम्मत एवं पोताई पेंटिंग कार्य। | 1.98 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू. डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 02 माह | संधारण मद |
| 02 | महात्मा गांधी वार्ड क्र. 12 अंतर्गत पंडरी स्थित मधुपिल्ले स्कूल में रिपेयरिंग एवं अन्य आवश्यक मरम्मत संधारण कार्य। | 3.97 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू. डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 03 माह | संधारण मद |
| 03 | गुरू गोविंद सिंह वार्ड क्र. 29 अंतर्गत स्थित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय (सीटी./पी.टी.) में आवश्यक मरम्मत एवं पोताई पेंटिंग व सेनेटरी फिटिंग कार्य। | 3.70 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू. डी. भवन दिनांक 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह | संधारण मद |
| 04 | जोन क्रमांक-03 क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक-03 कार्यालय बाउण्ड्रीवॉल के चारों तरफ 2डी पेंटिंग एवं अन्य आवश्यक मरम्मत/संधारण कार्य। | 3.99 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू. डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एवं नॉन एस.ओ.आर) | 03 माह | संधारण मद |
| 04 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत् विभिन्न स्थानों में प्रचार-प्रसार हेतु 2डी वॉल पेंटिंग कार्य। | 9.88 | 10000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'ब' (नॉन एस.ओ.आर) | 03 माह | सामान्य मद |

1 निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक-03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraiur.nic.in में देखी जा सकती है।

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-03**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।


### पुलिस ने अभियान चलाकर बाइक में तीन सवारी व बिना नंबर के वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई

# 27 वाहनचालकों से वसूला गया 8100 रुपए समन शुल्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 24.07.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 27 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?8100 समन शुल्क वसूला गया है। साथ ही बिना नंबर के वाहन चलाने वाले कुल 28 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?8400 समन वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।



### हिट एंड रन, मोटर दुर्घटना के मामलों में पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए मुआवजा प्रकरण तैयार करने में की जा रही है त्वरित कार्रवाई

सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामलों में पीड़ितों को राहत राशि प्रदान करने हेतु, योजना प्रारंभ की गई है। मोटर दुर्घटना में पीड़ितों को राहत योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को नोडल अधिकारी एवं प्रधान आरक्षक विनोद सिंह को सहायतार्थ नियुक्त किया गया था। साथ ही योजना में बेहतर एवं तत्परतापूर्वक कार्य के लिए जिले के प्रत्येक थानों में पदस्थ एक-एक सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी को हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों का मुआवजा प्रकरण संबंधित तहसील कार्यालय में जमा करने हेतु थाना नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में हिट एंड मोटर दुर्घटना के कुल 176 मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें उक्त टीम द्वारा कुल 162 प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में जमा किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामलों में पीड़ितों को उक्त योजना अनुसार जल्द मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

## एक नजर

### हाइड्रोफोबिक कांक्रीट लॉन्च

**रायपुर, 25 जुलाई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने कांक्रीटो यूनो, हाइड्रोफोबिक कॉंक्रीट लॉन्च किया, जो कंस्ट्रक्शन मटेरियल इंडस्ट्री में एक बड़ी सफलता है। अपने एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक गुणों के साथ इनोवेटिव डैम्प-लॉक फॉर्मूला के साथ, यह खास और अनूठा कॉंक्रीट कंस्ट्रक्शन स्टैंडर्ड्स को फिर से डिफाइन करता है। कॉंक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक कॉंक्रीट में एडमिक्सर्स के ब्लेंड्स का एक खास और अनूठा मिक्स है और इसमें एक स्पेशल मिक्स डिजाइन है जो कॉंक्रीट के भीतर गांठों के गठन को रोकता है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसान हो रहे सशक्त

**रायपुर, 25 जुलाई।** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस, छत्तीसगढ़ राज्य में खरीफ 2024 सीज़न के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत फसलों के लिए बीमा की सुविधा प्रदान कर रही है. इस योजना के अंतर्गत बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगढ़- बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला - मानपुर - अम्बागढ़ चौकी सहित कई जिलों में कवरेज प्रदान की जा रही है. इसके तहत धान (सिंचाई और गैर-सिंचाई वाला), मक्का, काला चना, अरहर दाल, हरी मूंग दाल, मूंगफली, सोयाबीन, कोडो, कुटकी और रागी जैसी विभिन्न प्रकार की फसलों के लिए व्यापक बीमा प्रदान की जाएगी.

### तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता

**रायपुर, 25 जुलाई।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रदेश की विप्र महिलाओं/युवतियों को पूर्णतः पारिवारिक, सामाजिक माहौल में मंच प्रदान करने 1 सितम्बर को वृंदावन हाल सिविल लाईन में दोपहर 3 बजे से तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

### विधि की छात्राओं को मिलेगी पीरियड्स लीव

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने 1 जुलाई से मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी लागू कर दी है। अब छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान छुट्टी दी जाएगी। मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी लागू करने वाला यह संस्थान छत्तीसगढ़ का पहला सरकारी संस्थान है। विश्वविद्यालय के इस फैसले के बाद छात्राओं में खुशी है और उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया है।

**सेमेस्टर में 6 दिनों की छुट्टी ले सकेंगी छात्राएं:** पॉलिसी के मुताबिक छात्राएं पीरियड्स के दौरान महीने के एक दिन और 1 सेमेस्टर में 6 दिनों की छुट्टी ले सकेंगी। वहीं यह लीव उनके अटेंडेंस में भी काउंट होगी। विश्वविद्यालय ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक नोडल अधिकारी को भी नियुक्त किया है।

### इलेक्ट्रिकल रोड शो रायपुर में संपन्न

**रायपुर, 25 जुलाई।** भारतीय इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का प्रमुख प्रदर्शनी एलेक्रामा, अपने 16 वें संस्करण के साथ रायपुर में एक प्रारंभिक रोडशो के साथ आरंभ हुआ। यह रोडशो मुख्य प्रदर्शनी के लिए आगामी कार्यक्रमों की शुरुआत को दर्शाता है, जिसमें इलेक्ट्रिकल सेक्टर में नवीनतम प्रगति और नवीनीकरण को उजागर किया जाएगा। रायपुर रोडशो में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के सम्मानित वक्ताओं ने भाग लिया, तथा उनहोंने विद्युत बुनियादी ढांचे में राज्य की प्रगति और इसकी भविष्य की पहलों पर प्रकाश डाला।


### ट्रकिंग मार्गों पर पहुंच को बेहतर बनाने का प्रयास

**रायपुर, 25 जुलाई।** वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में नई अत्याधुनिक डीलरशिप, बथवाल सर्विसेज का उद्घाटन किया। यह डीलरशिप 27, 000 वर्ग फुट में फैली हुई है और इसमें कुल 10 वाहन सर्विस बे हैं, जो ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड - कमर्शियल व्हीकल्स जलज गुप्ता ने कहा, ''भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) की मजबूत उपस्थिति है।

### निधन

**सतानंद दुबे**

**रायपुर, 25 जुलाई।** कंचनगंगा कालोनी फेस- 1 निवासी सेवानिवृत्त सेल्स टेक्स आफिसर सतानंद दुबे आत्मज स्व. भोंदूलाल दुबे का आज गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार आज ही प्रातः 9 बजे महादेव घाट रायपुरा में किया जायेगा। वे संजय दुबे,स्व.अजय दुबे व आलोक दुबे के पिताजी थे।



# दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता

## मंत्री ने कहा-आईएएस अधिकारियों की समिति कर रही जांच




**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला गूंजा. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है. क्या इसकी जांच कराई जाएगी? स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि तीन आईएएस अधिकारियों की समिति जांच कर रही है. तीन महीने के भीतर जांच कराई जाएगी. इसे भी पढ़ें : कमल विहार का मामला सदन में गूंजाः भाजपा विधायक ने लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकालने पर उठाया सवाल

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सीजीएमएससी ने दवा और मेडिकल उपकरण की खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है. एजी ने भी अपनी रिपोर्ट में इस पर आपत्ति जताई थी. नियमों के विरुद्ध बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी की गई. बिना मांग सरकारी अस्पतालों में जांच किट भेजी गई. तीस से अधिक जिलों में बग़ैर डिमांड के रिएजेंट भेज दिया गया. इसकी ख़रीदी कई गुना अधिक दर पर की गई. लगातार शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खुली निविदा जारी कर सीजीएमएससी ने दवा और उपकरण की ख़रीदी की है. एजी रिपोर्ट आने के बाद तथ्य देकर विभाग उसका निराकरण करता है. अन्य राज्यों के कारपोरेशन की दरों की तुलना कर खरीदी का दर तय किया जाता है. पिछले तीन सालों में बगैर डिमांड के खरीदी नहीं की गई है.

उन्होंने कहा कि हमर लैब में लगने वाले एनालाइजर और रिएजेंट की खरीदी डिमांड आने के बाद ही की गई है. रिएजेंट कालातीत नहीं हुए है. राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रिएजेंट के खराब होने का आरोप सत्य नहीं है. ऑटो एनालाइजर मशीन की खरीदी कई गुना दर पर खरीदी का आरोप भी सही नहीं है. खुली निविदा कर एल वन प्राप्त होने के बाद ही खरीदी की गई है.

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि ये अरबों रुपए के घोटाले का मामला है. 12- 13 दिसंबर 1022 को एजी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत किसने की थी? किन-किन लोगों के खिलाफ शिकायत हुई थी. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सीएजी की ऑडिट सतत् चलने वाली प्रक्रिया है. अब तक कुल 25 शिकायत प्राप्त हुई हैं, इनमें से 15 शिकायतों का निराकरण हो गया है. दस शिकायते प्रक्रियाधीन हैं.

धरमलाल कौशिक ने कहा कि मीनाक्षी गौतम सीजीएमएससी में महाप्रबंधक वित्त के पद पर थी. क्या इनके विरुद्ध शिकायत हुई थी? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभाग को मीनाक्षी गौतम के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं है. कौशिक ने पूछा कि ट्यूब की खरीदी किस दर पर की गई थी. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सौ ट्यूब के एक बंडल 2352 रुपए में खरीदी बताई गई थी. अन्य संस्थानों में 8 रुपये 50 पैसे की दर थी. मोक्षित कॉर्पोरेशन से 100 रुपए की दर पर खरीदी की गई. धरमलाल कौशिक ने कहा कि सिविल सर्जन रायगढ़ ने 2.15 पैसे में ख़रीदा था. सरगुजा में लगभग इसी दर पर ख़रीदी की थी.

कौशिक ने पूछा- डी डाइमर 2022 में किस दर पर ख़रीदी गई थी? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीजीएमएससी द्वारा सैकड़ों प्रकार के आइटम की खरीदी होती है. स्पेसिफ़िक्र बता पाना मुश्किल है. इस पर भाजपा विधायक ने कहा कि सीजीएमएससी ने 10 लाख 95 हज़ार में ख़रीदा है. आज की कीमत ऑनलाइन पांच लाख रुपए है. यानी डबल दर पर खरीदी की गई.

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जैसे मोबाइल है एपल. इसके कई वेरियेंट होते हैं. वेरियेंट के हिसाब से उसकी दर तय होती है. इसी तरह अलग-अलग वेरियेंट की ख़रीदी उसके स्पेसिफ़िकेशन के आधार पर ख़रीदी होती है. जेम पोर्टल पर दिखाए जाने वाले स्पेसिफ़िकेशन और क्वालिटी में अंतर होता है. गुण-दोष का अंतर है. कौशिक ने कहा कि गुण-दोष का अंतर नहीं है. यहाँ कमीशन का मसला है.

इसके साथ उन्होंने सवाल किया इस मामले की जांच के लिये एक कमेटी बनाई गई थी. क्या जांच रिपोर्ट आ गई? श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछली सरकार में दवा खरीदी और उपकरण खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई थी. साय सरकार आने के बाद इन मामलों की जांच के लिये एक कमेटी बनाई गई है. जांच व्यापक है. इसलिए समय लगेगा. धरमलाल कौशिक ने पूछा कि इस मामले की क्या उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी?

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तीन महीने के भीतर इसकी जांच कराई जाएगी. भाजपा विधायक अमर अग्रवाल ने पूछा कि दवा खरीदी और उपकरण खरीदी की डिमांड कैसे आती है और इसकी खरीदी कैसे होती है? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर, एनएचएम द्वारा डिमांड भेजा जाता है. इस डिमांड के आधार पर खरीदी होती है.

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि जहां ज़रूरत भी नहीं थी. उन जगहों के लिए भी डिमांड भेजी गई. सप्लायर डिमांड क्रियेट कराते हैं. उसके बाद डिमांड भेजी जाती है. ऐसे प्रकरणों की क्या ईओडब्ल्यू से जांच कराई जाएगी? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि तीन आईएएस अधिकारियों की टीम इस प्रकरण की जांच कर रही है.

## एडिशनल एसपी निमेश बरैया का निधन

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के अधिकारी एडिशनल एसपी निमेश बरैया का निधन हो गया है. उनके निधन की खबर से पूरे पुलिस प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई है. बताया जा रहा है कि निमेश बरैया पिछले 3-4 दिनों से राजधानी रायपुर के सुयश अस्पताल में भर्ती थे और गंभीर बीमारी से ग्रसित थे. मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले बलरामपुर एडिशनल एसपी निमेश बरैया को पीलिया हुआ था. उनका इलाज जिले के ही एक अस्पताल में चल रहा था. लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. जिसके बाद उन्हें रायपुर के सुयश अस्पताल में रेफर कर भर्ती कराया गया था. यहां निमेश बरैया तीन-चार दिनों तक भर्ती रहे. लेकिन डॉक्टर के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आज सुबह करीब 4 बजे उनका निधन हो गया. उनके निधन से परिवार और पुलिस संघ में शोक की लहर है.



# मुख्य चुनाव अधिकारी पद के लिए मनोनयन पत्र सौंपा

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी , विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर कार्यकारिणी समिति की बैठक में चेम्बर चुनाव-2024 को चुनाव संपन्न करवाने हेतु शिवराज भंसाली को सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। अमर पारवानी ने बताया कि चेम्बर चुनाव-2024 को चुनाव संपन्न करवाने हेतु शिवराज भंसाली को मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किये जाने पर भंसाली से मुलाकात कर उन्हें मनोनयन पत्र दिया गया। इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार मगेलाल मालू, संजय रावत, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश भंसाली, मंत्री-जितेन्द्र गोलछा जैन, जयराम कुकरेजा, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## देशव्यापी स्वच्छता अभियान के लिए सम्मान



**रायपुर, 25 जुलाई।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने एक देशव्यापी स्वच्छता अभियान, 'ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-अ-थॉन' के लिए सम्मानित किया है। एक्सिस बैंक को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से दो खिताब मिले जिनमें 'एक सप्ताह में कई पर्यटक स्थलों पर सबसे अधिक कचरा इकट्ठा करने' और 'एक सप्ताह में सबसे अधिक पर्यटक स्थलों की सफाई' से जुड़े सम्मान शामिल हैं। यह लगातार दूसरा साल है जब प्रकृति संरक्षण के प्रति बैंक के उल्लेखनीय योगदान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण और वहनीय विकास के प्रति बैंक के समर्पण को दर्शाती है।

## रेयर अर्थ ऑक्साइड्स में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश

**रायपुर, 25 जुलाई।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने नीति आयोग एवं प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों की सहभागिता में, हाल ही में, एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जिसका उद्देश्य था रैड् मड के संवहनीय अनुप्रयोगों की पहचान करना; काबिले गौर है कि रैड् मड -एल्यूमिनियम बनाने के लिए की जाने वाली-बॉक्साइट रिफाइनिंग प्रक्रिया का एक बाय-प्रोडक्ट है।

नीति आयोग और वेदांता के विशेषज्ञों के साथ इस बैठक में वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया जिनका संबंध विभिन्न संस्थानों से था जैसे नेशनल मेटालर्जिकल लेबोरेट्री (एनएमएल) और इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मेटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी) जो कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत है तथा जवाहरलाल नेहरु एल्यूमिनियम रिसर्च एंड डिजाइन सेंटर, नागपुर।

ये सभी विशेषज्ञ निगरानी व संचालन समिति की 8वीं संयुक्त बैठक में एकत्र हुए थे, जिस परियोजना के लिए यह बैठक हुई उसका शीर्षक था ''टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फॉर हॉलिस्टिक युटिलाइज़ेशन ऑफ रैड् मड फॉर एक्स्ट्रैक्शन ऑफ मेटालिक वैल्यूज़ एंड रेसिड्यू युटिलाइज़ेशन''।

## जिला भारत स्काउट्स एवम गाइड्स की बैठक में लिए गए कई निर्णय




**रायपुर, 25 जुलाई।** भारत स्काउट्स एवम गाइड्स जिला संघ रायपुर में जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक को बालाजी विद्या मंदिर स्कूल देवेन्द्र नगर रायपुर में जिला अध्यक्ष जी स्वामी के अध्यक्षता में एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला के सहमति से एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्का.श्री विजय कुमार खंडेलवाल के निर्देशानुसार बैठक का शुभारंभ प्रार्थना से किया गया बैठक का एजेंडा पर चर्चा वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम लेकर एवं प्रधानमंत्री जी एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एक पेड मा के नाम प्रत्येक शिलाओं में स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के माध्यम से लगाया जा सकता है छःमाह तक कोई बच्चा पौधों की सुरक्षा करता है, उसे प्रमाण पत्र दिया जायेगा, तृतीय सोपान जांच प्रशिक्षण शिविर एवं राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर पर सभी ने सहमति जाहिर किये, और प्रत्येक हाई, हायर सेकेंडरी स्कूलो में नशा मुक्ति पर पेन्टिंग, वाद-विवाद नुकड नाटक के माध्यम से जागृत करना है जिसमें जिला आयुक्त गाइड़ श्रीमति वंदना अग्रवाल, जिला संघ के पदाधिकारि एवं स्काउटर गाइडर जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी श्रीमति गायत्री सिंह जी कृष्णा साई, जिला सचिव मृत्युन्जय शुक्ला सीनियर स्काउटर रामपाल तिवारी, यू. एस. मुकादम, जीवन लाल नायक, हेमंत शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत (स्का) श्रीमति लक्ष्मी नायक (गा.) पूर्व डि ओ सी कु दामिनी नाग, विकास खंड सचिव आरंग, श्री रोहित कुमार वर्मा, विकास खण्ड सचिव अभनपुर भूपेन्द्र साहू, श्रीमति आरती सिंह राजपूत, अंजनी गुप्ता, कु दुर्गा लहरी, नमन साहू आदि उपस्थित रहें।

## प्रशासनिक सेवा में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट वाले अधिकारी पदस्थ



**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने राज्य के प्रशासनिक सेवा में पदस्थ कई अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. संघ के अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर ने प्रेस वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों का अधिकार छीना जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र की ट्रेनी आईएएस पूजा खेड़कर जैसे कई लोग छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं जो फर्जी दिव्यांग सर्टिफिक्रेट के जरिए प्रशासनिक नौकरी का फायदा उठा रहे हैं. छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने बताया कि राज्य के 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 लेखाधिकारी, 3 नायब तहसीलदार, पशु चिकित्सा अधिकारी समेत 21 अधिकारियों पर फर्जी दिव्यांगता के सर्टिफिक्रेट से सरकारी नौकरी करने का आरोप लगाया. संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इसके सरगना लॉर्मी के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुलाब सिंह राजपूत, मुंगेली के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एम.के. राय और बिलासपुर संभाग में संयुक्त स्वास्थ्य संचालक डॉ. प्रमोद महाजन हैं. बोहित राम चंद्राकर ने बताया कि 50, 000 से 1 लाख रुपये में फर्जी सर्टिफिक्रेट बनवाया जा सकता है जिसके लिए प्रदेश में कई गैंग सक्रिय हैं. दो साल पहले भी फर्जी सर्टिफिक्रेट की शिकायत की गई थी जिसके बाद तीन लोगों का सर्टिफिक्रेट फर्जी पाया गया लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई.

**दिव्यांग संघ ने दी ये चेतावनीः** छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने प्रशासनिक सेवा में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिक्रेट वाले अधिकारियों पर कार्रवाई समेत अन्य मांगे भी रखी हैं. संघ चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह व्यापक स्तर पर आंदोलन करेंगे.

# रोजगार को बढ़ावा देने वाला बजट : चौहान



**रायपुर, 25 जुलाई।** बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में देश में रोजगार सृजन को बहुत बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी क्षेत्र के अलावा निजी क्षेत्र भी रोजगार सृजन में भाग ले। साथ ही एंजल टैक्स पर राहत प्रदान करके और मुद्रा ऋण योजना की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करके भारत को नंबर 1 स्टार्टअप राष्ट्र और उद्यमियों का राष्ट्र बनाने का विजन भी नजर आ रहा है। सरकार ने भारत के श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कार्यबल में युवा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर देश उनके सहयोग से और तेज गति से आगे बढ़ सकेगा। रोजगार सृजन के एक हिस्से के रूप में कौशल विकास भी उनका एक अनूठा विचार रहा है, जबकि बुनियादी ढांचे के खर्च को बरकरार रखा गया है और राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत की अपेक्षा से 4.9 फीसदी पर कम किया गया है। ये सभी चीजें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कर ढांचे में बहुत अधिक बदलाव किए बिना हासिल की जा रही हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भारत की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग में सुधार होगा और 2025-26 में राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। कुल मिलाकर इस बजट को 10 में से 10 नंबर मिलते हैं!

## मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं के नतीजे घोषित




**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफअहमद ने परीक्षा परिणामों को जारी किया। उन्होंने परीक्षा में उर्तीण सभी परीक्षार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा घोषित परिणामों में हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा में 60.93 प्रतिशत, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा (कला संकाय) में 69.73 प्रतिशत, हायर सेकेण्डरी वाणिज्य संकाय में 81.81 प्रतिशत, हायर सेकेण्डरी विज्ञान संकाय में 82.05 प्रतिशत, उर्दू अदीब में 91.67 एवं उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम का अवलोकन परीक्षार्थीगण छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड की वेब साइटपर कर सकते हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26